

नेशनल मेमोरियल पर पहुंचे तीनों सेनाध्यक्ष।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 14 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## जम्मू-कश्मीरः भारतीय सेना ने शुरू किया 'ऑपरेशन सर्वशक्ति'

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ाने के पाकिस्तान के प्रयासों को विफल करने के लिए भारतीय सेना एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की ओर से सक्रिय आतंकियो को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए ऑपरेशन सर्वशक्ति की शुरूआत की है।

**ऑपरेशन सर्वशक्ति से करेंगे आतंकी गतिविधियों का खात्माः** ऑपरेशन सर्वशक्ति, पीर पंजाल पर्वतमाला के दोनों किनारों से आतंकी गतिविधि को संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियानों के जरिए नाकाम किया जाएगा। जहां श्रीनगर स्थित चिनार कोर के साथ-साथ नगरोटा मुख्यालय वाली व्हाइट नाइट कॉर्प्स की सिमुलेशन ऑपरेशन को अंजाम देगी।

**सभी स्पेशल फोर्स करेंगी आतंकी गतिविधि को नाकामः** सुरक्षा बलों के अधिकारी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप और खुफिया एजेंसियां केंद्र शासित प्रदेश, खासकर राजौरी पुंछ सेक्टर में आतंकवादी गतिविधियों को विफल करने का काम करेंगी।

**ऑपरेशन सर्पविनाश की तर्ज पर होगा 'सर्वशक्ति':** ये ऑपरेशन सर्पविनाश की तर्ज पर होने की उम्मीद है। ऑपरेशन सर्पविनाश को साल 2003 के बाद से आतंकवादी गतिविधियों को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था। इस दौरान क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियां लगभग खत्म हो गई थीं। भारतीय सेना ने राजौरी-पुंछ सेक्टर में और अधिक सैनिकों को शामिल करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। साथ ही क्षेत्र में खुफिया तंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ सैनिकों को भी शामिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

**21 दिसंबर को भी हुआ था आतंकी हमलाः** हाल के दिनों में पाकिस्तानी प्रॉक्सी आतंकवादी समूहों ने पीर पंजाल पर्वतमाला के दक्षिण में स्थित राजौरी पुंछ सेक्टर में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश की है। बता दें कि शुक्रवार को कृष्णा घाटी इलाके में सेना के काफिले पर हमला किया गया, लेकिन सैनिकों ने नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर जवाबी कार्रवाई नहीं की।

# खरगे विपक्षी गठबंधन के अध्यक्ष नियुक्त

= नीतीश कुमार का संयोजक बनने से इनकार, संयोजक बनने की कोई इच्छा नही, बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने और बढ़ता रहेः नीतीश

**जिम्मेदारी**

8 बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विपक्षी** गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया। इसकी पुष्टि बिहार सरकार के मंत्री संजय झा ने भी की है। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी संयोजक बनने की कोई इच्छा नहीं है बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने और बढ़ता रहे।

विपक्षी गठबंधन की वर्चुअल बैठक में नीतीश कुमार ने सलाह दी कि कांग्रेस में से किसी को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए। गौरतलब है कि पिछली बैठक में भी टीएमसी चीफ ममता बनर्जी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने की बात कही थी। विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व की हुई बैठक करीब दो घंटे चली और इस बैठक में गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे के लिए रणनीति बनाने और गठबंधन का संयोजक बनाने पर चर्चा हुई।



### किसी पद में कोई रुचि नहींः नीतीश कुमार

**विपक्षी** गठबंधन के संयोजक पद के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार के नाम की चर्चा थी। जदयू नेताओं के बयान से भी ऐसा लगा था कि पार्टी नीतीश के लिए संयोजक का पद चाहती है, लेकिन अब खुद नीतीश कुमार ने साफ कर दिया है कि उनकी संयोजक बनने में कोई रुचि नहीं है। बैठक में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी चर्चा हुई। कांग्रेस की यह यात्रा रविवार यानी 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू होगी। इससे पहले शुक्रवार शाम को कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के आवास पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के नेताओं की भी बैठक हुई, जिसमें सीट बंटवारे पर चर्चा हुई।

## 'प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शंकराचार्य की अवहेलना उचित नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता एवं सांसद दिग्विजय सिंह ने आज कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शंकराचार्य की अवहेलना करना उचित नहीं है। चारों शंकराचार्य सनातन धर्म के संवाहक हैं। उनकी बात पर गौर किया जाना चाहिए। चारों शंकराचार्य सनातन धर्म के संवाहक और शीर्ष हैं। उनके आदेश की अवहेलना कर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करना धर्म विरुद्ध कृत्य है। यह राजनीतिक प्रयोग है। कांग्रेस जन इसलिए वहां नहीं जाएंगे, क्योंकि हम हमारे सनातन गुरु और आदर्श शंकराचार्य धर्म गुरुओं की अवहेलना नहीं कर सकते हैं और न ही सनातन धर्म के सच्चे अनुयायियों की भावना पर आघात कर सकते हैं।

## '22 को हर घर में 'श्रीराम ज्योति' प्रज्ज्वलित करें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों से हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोनल माता के जन्म शताब्दी कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। सोनल मां गुजरात में गढ़वी चारण समाज की एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थीं। उन्होंने कहा कि हम सब कल्पना कर सकते हैं कि आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो सोनल मां कितनी प्रसन्न होंगी। प्रधानमंत्री ने सभी से 22 जनवरी के शुभ अवसर पर श्रीराम ज्योति जलाने का आग्रह करते हुए कहा, आज इस अवसर



पर मैं आप सभी से, 22 जनवरी को हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह भी करूंगा। प्रधानमंत्री ने देश में मंदिरों के लिए कल शुरू हुए स्वच्छता अभियान का भी जिक्र किया और कहा, हमें इस दिशा में भी मिलकर काम करना होगा। मुझे विश्वास है कि हमारे ऐसे प्रयासों से श्री सोनल मां की खुशी अनेक गुणा बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पूरे चारण समाज

**अपील**

8 आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है : पीएम मोदी

और सभी व्यवस्थापकों को बधाई दी।

और कहा, मढड़ा धाम चारण समाज के लिए श्रद्धा, शक्ति, संस्कार और परंपराओं का केंद्र है। मैं आई के चरणों में सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवती स्वरूपा सोनल मां इस बात का जीवंत उदाहरण थीं कि भारत किसी भी युग में अवतारी आत्माओं से खाली नहीं होती है।

## भारत ने इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके यात्रा पर जताई आपत्ति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत ने** इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की हालिया यात्रा पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में 10 जनवरी को ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के साथ इस्लामाबाद में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके की यात्रा को गंभीरता से लेते हुए इसे अत्यधिक आपत्तिजनक बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन अस्वीकार्य है। इसमें बताया गया कि सचिव ने उल्लंघन पर नई दिल्ली में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।



# नियमित कर्मचारियों को उच्च वेतनमान से वंचित न रखे सरकार: सुरेंद्र नड्डा

## सीएम सुक्खू से मिला उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**वेतन विसंगति** को लेकर हिमाचल प्रदेश उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र नड्डा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिमला में मिला। जहां पर उन्होंने तीन जनवरी 2022 के बाद नियमित हुए कर्मचारियों को उच्च वेतनमान देने को लेकर ज्ञापन सौंपा और तुरंत न्याय की मांग की। प्रेस को जारी बयान में हिमाचल प्रदेश उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र नड्डा ने बताया कि पिछली सरकार में 3 जनवरी 2022 को नया वेतन



आयोग लागू किया गया, जिसमें बहुत से कर्मचारियों की वेतन में वृद्धि हुई तथा कुछ कर्मचारी जो 3 जनवरी 2022 के बाद नियमित हुए थे, जिन्हें अपने वरिष्ठ कर्मचारियों की अपेक्षा नियमित होने के 2 वर्ष बाद लगभग 13000 से 15000 रुपए हर महीने का नुकसान झेलना पड़ रहा है। वंचित कुल कर्मचारियों की संख्या 5560 है। पूर्व सरकार ने 28 दिसंबर 2021 को अधिसूचना जारी कर दीए जिसमें 30 सितंबर 2021 तक 2 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके कर्मचारियों को नियमित करने की अधिसूचना जारी की गई। नड्डा ने कहा कि कुछ विभागों में कर्मचारियों को 3 जनवरी 2022 से पहले नियमित कर दिया गया, जिन्हें उच्च वेतनमान का लाभ मिल गया। कई विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को 3 जनवरी के बाद नियमित किया गया और वह उच्च वेतनमान से वंचित हो गए। क्योंकि नए वेतन आयोग के लागू होने के बाद 2 साल नियमित होने के बाद उच्च वेतन मान का प्रावधान बंद कर दिया गया। विभिन्न कर्मचारी संगठनों के भारी विरोध के बावजूद तत्कालीन सरकार ने निर्णय लिया 3 जनवरी 2022 तक नियुक्त नियमित या अनुबंध पर कर्मचारियों को उच्च वेतनमान का लाभ दिया जाएगा। लेकिन वित्त विभाग और कार्मिक विभाग के नकारात्मक रवैया की वजह से सिर्फ नियमित हुए कर्मचारियों को ही इसका लाभ मिल सका और जो कर्मचारी 3 जनवरी 2022 के बाद नियमित हुए उनकी अधिसूचना कार्मिक विभाग की फाइलों में दबकर रह गई। जब की पूर्व सरकार ने अपनी कैबिनेट में इसको मंजूरी दे दी थी। नड्डा ने कहा कि महासंघ के पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागीय कर्मचारियों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु को इस वेतन विसंगति के बारे में विस्तार में बताया तथा एक ही विभाग में एक ही पद पर होने के बावजूद दो तरह के वेतनमान पर आपत्ति जताई।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले हर मोड़ पर फेल है सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**भाजपा के** प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। वहीं यह सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भारतीय जनता पार्टी पर दोष लगाने के लिए पूरी ताकत लगाए हुए है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.राजीव बिंदल नाहन विधानसभा क्षेत्र के त्रिलोकपुर में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।राजीव बिन्दल ने कहा कि लगातार केन्द्र सरकार प्रदेश सरकार को मदद कर रही है कोई भी योजना ऐसी नहीं हिमाचल प्रदेश के अंदर जो प्रदेश सरकार की अपनी धनराशि से चल रही हो। उन्होंने कहा कि हिमाचल के प्रति



जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्यार है वह उसके नाते लगातार हिमाचल को मदद कर रहे है। बिन्दल ने कहा कि आपदा के समय सबसे पहले बढकर भारतीय जनता पार्टी का नेशनल नेतृत्व आगे आया और उन्होंने लगभग 1783 करोड़ रूपया हिमाचल प्रदेश को त्रासदी के समय के ऊपर देने का काम किया।उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता का दुख दर्द सुनने के लिए बीजेपी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा स्वयं तीन बार आए और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी प्रदेश का दौरा किया।

उन्होंने कहा केंद्र प्रायोजित योजना जल जीवन मिशन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के अंदर अरबो रुपए के काम चल रहे हैं।इसी प्रकार से प्रधानमंत्री सडक योजना के माध्यम से जहां पहले दी गई धनराशी से काम चल रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 15 व 16 जनवरी को पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों को उपलब्ध करवाई जाएगी कैन्टीन की सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद। कैप्टन** अनुमेहा पराशर उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय चम्बा ने बताया कि मनकोट बटालियन डलहौजी द्वारा 15 व 16 जनवरी को सैनिक विश्राम गृह चम्बा में पूर्व सैनिकों, बीर नारियों व उनके आश्रितों को कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिसमें केवल ग्रॉसरी आइटम का सामान ही उपलब्ध करवाया जायेगा।अनुमेहा पराशर ने पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों से अनुरोध किया है कि सैनिक विश्राम गृह चम्बा में आकर इस अवसर का लाभ उठायें।

### ईजमायट्रिप ने नई सब्सिडिएरी ईजमायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च कर बीमा क्षेत्र में कदम रखा

**शिमला:** ईजमायट्रिप .कॉम ने अपनी नई सब्सिडिएरी ईजमायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को लॉन्च किया है।ईजमायट्रिप .कॉम भारत का दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म है।यह लॉन्च अपने सेवा पोर्टफोलियो में विविधता लाने और ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विशेष उत्पाद बनाकर बीमा बाजार में प्रवेश करने के लिहाज से उठाया गया रणनीतिक कदम है।यह नया उद्यम उद्योग में ईजमायट्रिप की स्थिति को और अधिक मजबूत करेगा और कंपनी के 20 मिलियन से अधिक यूजर्स के जरिए 7.9 ट्रिलियन रुपये के बाजार की जरूरतों को पूरा करेगा।भारत दुनिया के उभरते बीमा बाजारों में पांचवां सबसे बड़ा जीवन बीमा बाजार है जो हर साल 32.34 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। भारतीय बीमा बाजार के 2027 तक 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सहायक कंपनी का निर्माण ग्राहक संतुष्टि और पेशकश विस्तार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।ईजमायट्रिप इंश्योरेंस ब्रोकर प्राइवेट लिमिटेड को अम्ब्रेला ब्रांड के तहत एक विशिष्ट इकाई के रूप में शामिल किया गया है।

# जन हितैषी योजनाओं को बंद करने की फिराक में कांग्रेस सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**सरकार में आते ही** कांग्रेस ने सैंकड़ों स्वास्थ्य संस्थान बंद कर दिए और अब जरूरतमंद मरीजों के लिए चलाई जा रही हिमकेयर जैसी योजनाओं को बंद कराने की ओर अग्रसर है। पूर्व सरकार द्वारा अस्पताल में ही टेस्ट सुविधा देने के लिए क्रसना कंपनी के माध्यम से सुविधाएँ प्रदान की जा रही थी। परंतु इस वित्त बर्ष में कँपनी को भुगतान ना कर इस सरकार ने अस्पताल में ही टेस्ट सुवधाओं को बंद कराने का काम किया है। यह बात बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही। विधायक शौरी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जानबूझ कर इस वित्त बर्ष में हिमकेयर कार्ड की देनदारियाँ पूरी नहीं की है और अब सभी निजी अस्पताल मुफ्त इलाज की सुविधा बंद करने जा रहे हैं। वर्तमान सरकार इतनी संवेदनहीन हो गई है कि अस्पताल जैसी भूल-भूत आवश्यकता में टेस्ट सुविधाएँ पूरा बंद होने का इंतजार कर रही है। मरीजों को पूरी तरह से निजी लैब की ओर अस्पताल से बाहर का रुख करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

# स्टेट चैंपियनशिप के लिए चयनित हुई सिरमौर की बॉस्केटबॉल टीम

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**हिमाचल प्रदेश** के सरकाघाट मंडी में 14 जनवरी से 16 जनवरी के बीच होने वाली अंडर-19 छात्र एवं छात्राओं की राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए जिला सिरमौर की छात्र टीम का चयन कर लिया गया।जानकारी देते हुए संघ के उपाध्यक्ष सरदार परमजीत सिंह बंगा ने बताया कि ट्रायल सिरमौर बास्केटबॉल संगठन के प्रधान सुशील शर्मा की देखरेख में पाँवटा साहिब में हुआ।ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर छात्र वर्ग में गुंजोत सिंह, कनिष्क



परमार, अनिरुद्ध, माधव, आरव, रेहान, अरनव, उदय, आदित्य, सूर्यांश, अनिरुद्ध और अमित का चयन किया गया। इस मौके पर इस मौके पर गुरु नानक मिशन के कोच गुरनाम सिंह अभिनव शर्मा प्रभविंदर सिंह सरबजीत सिंह आशिक अली आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज बायोकेमेस्ट्री विभाग ने संभाला टेस्ट का जिम्मा



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**एक और जहां** पूरे प्रदेश में मरीजों की टेस्ट लैब सुविधा को लेकर डायग्नोस्टिक लैब ने अपनी सेवाएं अस्थाई रूप से बंद की है। वहीं नाहन में मेडिकल कॉलेज के द्वारा आपात व्यवस्था शुरू कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज नाहन बायोकेमेस्ट्री विभाग के द्वारा ऑन कॉल 24 घंटे बायो लैब के स्टाफ को तैनात किया गया है। मेडिकल कॉलेज का इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य मरीजों को परेशानी से बचाना है।बड़ी बात तो यह है कि बायोकेमेस्ट्री विभाग की लेबोरेटरी में तैनात तमाम टेक्नीशियन ने बखूबी इस जिम्मेवारी को निभाना भी शुरू कर दिया है। अच्छी बात तो यह भी है कि महिला कर्मचारी भी मरीज के तमाम रक्त आदी संबंधी जांच की रिपोर्ट रात को भी दे रही हैं। असल में क्रस्ना डायग्नोस्टिक लैब द्वारा सरकार के पास लंबा चौड़ा भुगतान पड़ा है। बकाया भुगतान न होने के कारण इस कंपनी के द्वारा पूरे प्रदेश भर में अपनी सेवाएं अस्थाई रूप से बंद कर दी गई है।सेवा बंद किए जाने का सबसे बड़ा नुकसान मेडिकल कॉलेज में दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीज को उठाना पड़ रहा है। वीरवार को मेडिकल कॉलेज के बहुत से मरीज अलग-अलग तरह के टेस्ट करने को लेकर कतारो में भी नजर आए। मेडिकल कॉलेज नाहन की बायोकेमेस्ट्री लैब में थायराइड कैंसर मार्कर जैसे कई ऐसे टेस्ट भी हैं जिनकी सुविधा अभी तक नहीं है। ऐसी स्थिति में मरीजों को शहर की निजी लैब में जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।बावजूद इसके नाहन मेडिकल कॉलेज के द्वारा आपात सेवाएं देकर अपने दायित्व का निर्वहन किया जा रहा है। बताना जरूरी है कि कुछ खास किस्म की टेस्ट सुविधाओं को छोडकर करीब 100 से अधिक टेस्ट मेडिकल कॉलेज की लैब में किए जा रहे हैं। जबकि क्रस्ना लैब में 139 तरह के टेस्ट किए जाते हैं।वहीं मेडिकल कॉलेज के एमएस डॉ. नवीन गुप्ता ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया बायोकेमेस्ट्री विभाग को आपात सेवाओं के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि शाम 4 बजे के बाद से सुबह तक आपात सेवाओं के लिए ऑन कॉल सेवा सुचारू की गई है।

# शिवा बीएड कॉलेज घुमारवीं में स्पेशल ओलंपिक भारत ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**चेतना संस्था विजयपुर** के साथ संयुक्त तत्वावधान में शिवा बीएड कॉलेज घुमारवीं यूनिफाइड खेल ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए चेतना संस्था के अध्यक्ष व शिवा ग्रुप के प्रबंध निदेशक ई.पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि इस कैंप में चेतना संस्था के 12 दिव्यांग बच्चों 6 स्टाफ के सदस्यों समेत स्पेशल ओलंपिक भारत हिमाचल प्रदेश के मैनेजर अजय कुमार व यूनिफाइड खेल के समन्वयक अनूप कुमार ने भाग लिया। प्रथम सत्र में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



जिसमें अजय कुमार ने स्पेशल ओलंपिक भारत की विभिन्न खेलों व उपलब्धियों की चर्चा की साथ में यूनिफाइड खेलों के ऊपर महत्वपूर्ण जानकारी दी। समन्वयक अजय कुमार ने भी इस विषय पर दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी सहभागिता की चर्चा की। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों व महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं में विशेष खेल वाची का आयोजन कॉलेज के प्रांगण में किया गया। जिसका सब ने भरपूर आनंद उठाया। अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार शर्मा ने स्पेशल ओलंपिक भारत हिमाचल प्रदेश के मैनेजर अजय कुमार व समन्वयक अनूप कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों व दिव्यांग बच्चों के लिए चाय पान का प्रबंध भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर इंदू बाला, प्रोफेसर विपन, प्रोफेसर संदीप, प्रोफेसर संगीता आदि मौजूद थे।

# परिष्टि ठाकुर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता की विजेता

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**राष्ट्रीय युवा** दिवस 2024 स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य पर नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा मामले विभाग भारत सरकार , एल्प्स इंस्टिट्यूट कुल्लू द्वारा देवसदन में कार्य्रक्रम का आयोजन किया गया जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन अटल सदन के सेमिनार कक्ष में किया गया भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने मेरा युवा भारत विकसित भारत-2047 विषय पर अपने विचार रखें कुल 17 युवाओ ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान कैम्ब्रिज स्कूल मौहल की पृष्टि ठाकुर ने हासिल किया, दूसरा नीरमंड खंड के जलोरी से नमिता तीसरा रैला से दीक्षा ठाकुर ने हासिल किया।वही धनेश गौतम प्रेस क्लब कुल्लू प्रधान,



श्याम लाल हांडा डाइट से, विवेक शर्मा विकास अधिकारी खाड़ी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड श्याम कुल्वी वरिष्ठ पत्रकार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।भाषण प्रतियोगिता पहला स्थान हासिल करने वाली पृष्टि ठाकुर राज्य स्तर की भाषण प्रतियोगिता में जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व करेगी।महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ किया गया एवं देश के युवाओ को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किया गया जिसका सीधा प्रसारण कुल्लू के देवसदन में युवाओं को दिखाया गया वही इस उपलक्ष्य पर देवसदन में आयोजित कार्यक्रम में ऐल्प्स इंस्टिट्यूट, पायनियर इंस्टिट्यूट के छात्रो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गया, ऐल्प्स इंस्टिट्यूट के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत,सोलो डांस,लाहौली नाटी,ग्रुप डांस,एकल गान,फैशन शो,कुल्लुवी नाटी और पायनियर इंस्टिट्यूट की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना पेश की गई।इसके साथ ही युवाओं को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यक्रम समन्वयक प्रशांत ठाकुर द्वारा एवं गृह रक्षा विभाग के कंपनी कमाडेंट कमलकांत भंडारी द्वारा प्राथमिक उपचार अग्नि सुरक्षा से संबंधित ट्रेनिंग प्रदान की।

वही इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र कुल्लू की जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यक्रम समन्वयक प्रशांत ठाकुर गृह रक्षा विभाग के कंपनी कमाडेंट कमलकांत भंडारी, ऐल्प्स इंस्टिट्यूट के, मडी जितेंद्र राजपूत, पायनियर इंस्टिट्यूट दर्शन ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

# पांवटा में ट्रक से बरामद किया चिट्टा, दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर के** उपमंडल पांवटा साहिब में पुलिस थाना माजरा की टीम ने सडक के किनारे खड़े ट्रक में सवार दो व्यक्तियों से 6.40 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद महबूब 34 पुत्र सगीर अहमद निवासी गांव नौशेरा ततारपुर डाकघर रायपुर, तहसील बेहट जिला सहारनपुर और अमित कुमार 25 पुत्र करनैल सिंह निवासी गांव किशनपुरा तहसील पांवटा साहिब के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस थाना माजरा की



टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि माइली ढाबा मेलियों के सामने सडक के दूसरी तरफ एक ट्रक एचपी 17एच-1093 खड़ा है, जिसमें दो व्यक्ति बैठे हैं। जिनसे चिट्टा बरामद हो सकता है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची और उक्त ट्रक में मौजूद दोनों व्यक्तियों की तलाशी ली।तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 6.40 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। जिसके बाद उन्होंने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार किया।

# संजय की पुस्तक पच्छाद के कण-कण में देवी देवता प्रकाशित

टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ

देवभूमि हिमाचल प्रदेश के कण कण में यू तो देवी देवताओं का वास व प्रमाण चमत्कारिक तौर पर मिलते ही है। वहीं जिला सिरमौर की देवभूमि पच्छाद में भी देवी देवताओं का अस्तित्व जीवंत है। जिसे सराहां के लेखक संजय राजन द्वारा पच्छाद के धार्मिक स्थल के तौर पर संकलित कर पुस्तक में पिरोया गया है। वीरवार को लेखक संजय राजन ने पच्छाद के धार्मिक स्थल की पुस्तक ऐतिहासिक महि लाईब्रेरी नाहन में भेंट कर पाठकों के लिए उपलब्ध करवाई है। लेखक एवं पत्रकार संजय राजन ने पच्छाद के 14 ऐसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक मंदिरों का उल्लेख



पुस्तक के माध्यम से किया है। जिसका रामायण, महाभारत कालीन युग से भी सम्बधं जुडा है। पच्छाद के गनयार के गणपति बाबा मंदिर, सुप्रसिद्व भूरेष्वर महादेव मंदिर, भरागी माता मंदिर, सराहां शिव मंदिर, लाना रावना का ज्वाला माता मंदिर, मानगढ का महाभारत कालीन षिव मंदिर, श्रंग्री ऋ.शि की गुफा, नारायण की नगरी ठाकूर द्वारा, जोहना हनुमान मंदिर, कलोह का दुधाधारी ओर राधा कृश्ण मंदिर, मिन्डो की सैर का मुण्डेष्वरी माता मंदिर, मंझगांव षमलाटी का सूढ देवता मंदिर, मानरिया मढीधाट माता मनसा देवी व पषुओं की देवी माता त्रिभुवनी मंदिर ऐसे स्थल है। जिनका धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व जुडा है। जोकि शोध कर्ताओ, पाठकों के लिए उपयोगी साबित होगें। कवि एवं साहित्यकर दलीप वषिश्ठ ने बताया कि हिमाचल के सिरमौर का उपमंडल पच्छाद दैव संस्कृति की द्दश्टि से उतना ही महत्वपूर्ण है जितना की प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थल है। जिसे लेखक संजय राजन ने पुस्तक में संकलन कर बेहतरीन मंच प्रदान किया है।

# घायल गाय को लेने नही आया कोई मालिक, एसपीसीए भेजगी गोसदन

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**

**ऐतिहासिक पक्का** तालाब के किनारे प्रमुख सडक पर निजी बस से घायल हुई गाय को दूसरे दिन लेने गाय का कोई मालिक नही आया ऐसे में घायल गाय इलाज के बाद रातभर सडक पर रही। हादसे के बाद घायल गाय की सेवा में जुटे बोबी अहमद व अन्य लोगों ने बताया कि शिमला रोड़ पर जिस गाय पालने वाले व्यक्ति को घायल गाय ले जाने बारे कहा गया था उसने कहा कि यह गाय मेरी नही है। उन्होने बताया कि गाय को सडक से हटाकर साथ पार्क में शिप्ट कर दिया गया तथा खाने के लिए चारे का इंतजाम किया गया है। उधर एसपीसीए



जिला सिरमौर के कोषाध्यक्ष राजेद्रं बंसल ने कहा कि घायल गाय के मालिक को जल्द अपनी गाय ले जानी चाहिए थी। लेकिन अब घायल गाय को गोसदन भेजा जाएगा और 5 हजार जुमार्ना वसूलने के बाद गाय उसके मालिक को सौंपी जाएगी। बसंल ने मांग करते हुए कहा कि पुलिस को गाय को घायल करने वाले बस चालक के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए तथा गाय मालिक की तालाश कयनी चाहिए। गौरतलब है कि शहर में गोवंश को पालने वाले ज्यादातर लोग दुध निकालने के बाद गायों को सडकों खुला छोड़ रहे है। आरोप है कि नप इनके खिलाफ कारवाई नही क रती। ऐसे हादसे हो रहे है लोगों का भी चलना सुरक्षित नही है।

**इंतजाम**

8 गाय को सडक से हटाकर साथ पार्क में शिप्ट कर दिया गया तथा खाने के लिए चारे का इंतजाम किया गया

# 17 को कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के बजौरा से आरंभ होगा सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**कुल्लू जिला** में 17 जनवरी को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के बजौरा ग्राम पंचायत से आरंभ किया जाएगा। यह जानकारी आज यहां उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की तैयारीयों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।उन्होंने कहा कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनुरुद्ध सिंह करेंगे। उपायुक्त ने जिले के सभी विभागाध्यक्षो कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि इस दौरान बजौरा पंचायत के साथ लगती पंचायत की समस्याओं का निवारण किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे आरंभ होगा इसी दिन ग्राम पंचायत बजौरा की आम सभा का भी आयोजन किया जाएगा।उपायुक्त ने बताया कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बजौरा सहित साथ लगती आस-पास की ग्राम पंचायतों के लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा व निवारण सुनिश्चित बनाने के प्रयास किए जाएंगे, साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए आरंभ की गई विभिन्न योजना व कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। प्रदेश सरकार ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जनता की समस्याओं के निराकरण और लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करवाने तथा इन योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक सुनिश्चित बनाने के लिए महत्वकांक्षी सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम आरम्भ किया है। इसमें जन समस्याओं के समाधान के साथ ही प्रदेश सरकार के एक वर्ष के जनहितकारी कार्यों व ऐतिहासिक निर्णयों से लोगों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच करेंगें। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रदर्शनियां भी लगाई जाएगी।जहां पर सरकार द्वारा आरम्भ की गई योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे अवगत करवाया जाएगा। बैठक की कार्रवाई का संचालन सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी ने किया। इस अवसर पर सभी विभगाध्यक्षक उपस्थित थे।



# सुरीले गायक महेश बंसल का भजन राम राज शीघ्र होगा लांच

**भजन**

**8 प्तक प्रोडक्शन के बैनर तले तैयार किए जा रहे इस भजन को गायक महेश बंसल ने लिखा भी स्वयं है**



**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

बिलासपुर के युवा गायक महेश बंसल श्री राम जी की जन्म स्थली अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम राज भजन लेकर आ रहे हैं। सप्तक प्रोडक्शन के बैनर तले तैयार किए जा रहे इस भजन को गायक महेश बंसल ने लिखा भी स्वयं है और कंपोज भी खुद किया है। इस भजन को बिलासपुर की गोबिंद सागर झील के किनारे शूट किया जा रहा है। भजन का संगीत उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध संगीत निर्देशक परमजीत मम्मी ने तैयार किया है। जबकि वीडियो का निर्देशन आकाश वर्मा कर रहे हैं। वहीं, अनिल वर्मा सह निर्देशक के रूप में काम कर रहे हैं। भजन में महेश बंसल के साथ साथ नीलकंठ आर्ट्स ग्रुप के कलाकार भी भजन अहम भूमिका निभा रहे हैं। गायक महेश बंसल ने बताया कि जल्दी इस भजन को रिलीज किया जाएगा। भजन को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए पूरी टीम खूब मेहनत कर रही है।

उम्मीद है कि दर्शकों को यह भजन जरूर अच्छा लगेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी गायक महेश बंसल के कई भजन और गीत रिलीज हो चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उद्योग मंत्री 15 जनवरी से 18 जनवरी तक शिलाई क्षेत्र के प्रवास पर रहंगे



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। उद्योग** एवं संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन चौहान 15 जनवरी से 18 जनवरी 2024 तक शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उद्योग मंत्री जहां सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे वहीं पर विभिन्न स्थानों पर जन समस्याएं भी सुनेंगे। उद्योग मंत्री 15 जनवरी को सांय 5:30 बजे पौंटा साहिब पहुंचेंगे। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान 16 जनवरी को प्रातः 10:30 बजे ग्राम पंचायत कांडो च्योग के सेनगा में आयोजित किये जा रहे क्रिकेट टूनामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे और इसके उपरांत दोपहर 2 बजे शिलाई में जन समस्यायें सुनेंगे।हर्षवर्धन चौहान 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे बकरास ग्राम पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे एवं इसके उपरांत सांय चार बजे शिलाई में जन समस्याएं सुनेंगे।उद्योग मंत्री 18 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलाई के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे एवं स्कूल की श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट डिजिटल योजना की अध्यक्षता करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी प्रदान की है।

### हम्बोट पंचायत में घर-घर बांटे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर। पुण्य राम** जन्म भूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण घर घर पहुंचने तथा 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर निर्माण से हम्बोट पंचायत के घर-घर में खुशी का माहौल है। पंचायत के सात वार्डों में घर-घर में प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण एवं पूजित अक्षत बांट रहे स्वात्मा राम ने बताया कि भव्य राम मंदिर के लिए भले ही पांच सौ वर्ष का समय बेशक लग गया पर लोगों में पुण्य काम के लिए जो उत्साह है वो देखने लायक है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जी के आदर्शों पर चलना आज के समय की एक मांग है और जिसके चलते भारत विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर हो रहा है इस विषय पर स्वात्मां राम ने जनमानस से 22 जनवरी को हर घर दिया जलाने और श्री राम जी के पावन भजनों का गुणगान करके पूजा अर्चना करने का आग्रह किया।

### अक्षत वितरण अभियान पूर्णता, 22 को महादीपावली

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। अयोध्या जी** से आये पवित्र अक्षत का वितरण मण्डी नगर में पूरा हो गया है। पवित्र अक्षत के साथ अयोध्या स्थित राम मंदिर का चित्र, मंदिर जानकारी का पपत्र एवं निमंत्रण पत्र भी सभी परिवारों में दिया गया है। यह जानकारी देते हुए राम जन्म भूमि तीर्थ न्यास अक्षत वितरण अभियान नगर संयोजक एवं विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष डॉ अनुपम टण्डन ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के लिए मण्डी नगर को 13 बस्तियों में विभाजित किया गया हैऔर प्रत्येक बस्ती में 3-4 टोलियाँ जिनमें सनातनी राम भगतों ने घर घर अक्षत पहुँचाने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि यह निमंत्रण पत्र 22जनवरी को प्रभु प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के लिए सभी परिवारों में दिये गये हैं। इस दिन सभी लोग अपने निवास के निकट स्थित मन्दिर को अयोध्या जी मान कर पूजा करके विजय महामन्त्र जय राम जय राम जय जय राम का सामूहिक जाप करेंगे। मण्डी नगर में सभी बस्तियों में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रशरण दिखाने की व्यवस्था 18 स्थानों पर अभी तक पूरी हो चुकी है। यह कार्यक्रम 12 बजे अयोध्या से होगा और दोपहर 1 बजे लाइव महा आरती के भी सभी भागीदार बनेंगे। इसके लिए सनातन धर्म सभा, भीमा काली, गणपति मन्दिर, राम मन्दिर हृदयवसिनी, उग्रतारा, बाल्मीकि मन्दिर, शिव मंदिर जेल रोड, नैना देवी खलियार आदि मन्दिरों में सभी सपरिवार इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे। 22 जनवरी को सभी नगरवासी पूर्ण विश्व के साथ महा दीपावली का आयोजन करेंगे। जब प्रभु राम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या पहुँचे थे,उस दिन का त्योहार हम सभी सदियो से मनाते आ रहे है।

## होशियापुर से चिट्टा सप्लायर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुराना होशियापुर** रोड़ ऊना पर चिट्टे संग गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ के बाद ऊना पुलिस ने पंजाब के एक सप्लायर को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार निवासी होशियापुर के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि पुलिस थाना सदर की टीम ने पुराना होशियारपुर रोड़ पर 10 जनवरी को रजनीश वर्मा निवासी बरोह तहसील भोरंज जिला हमीरपुर से 6.13 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था। पुलिस ने रजनीश को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड के दौरान चिट्टे के संबंध में पूछताछ की।

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को दो ब्लैरो कैंपर गाडियां भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**उपायुक्त कुल्लू** आशुतोष गर्ग को आजआईसीआईसीआई फाउंडेशन ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुल्लू को दो ब्लैरो कैंपर गाडियां भेंट की हैं। इससे कुल्लू जिले के लोगों को आपदा के समय अधिक सुरक्षा और सहायता मिलेगी और स्थानीय स्तर पर आपदा से निपटने, प्रतिबंधित करने और संभालने की क्षमता बढ़ेगी। आई सी आई सीआई फाउंडेशन की यह पहल सामाजिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में अहम कड़ी साबित होगी।इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चैयरमेन एवं उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग, को आईसीआईसीआई बैंक शाखा कुल्लू के रिलेशनशिप प्रबंधक पियूष ने दोनों वाहनों की चाबियां व कागजात भेंट किये। रिलेशनशिप प्रबंधक ने कहा कि बैंक भविष्य में भी ओर सहायता उपलब्ध करवायेगी।


उपायुक्त ने आईसी आईसीआई प्रबंधन का जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को दो वाहन उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर आईसीआईसीआई मण्डी के विकास अधिकारी रजनीश कुमार मौजूद थे। उलेखनीय है कि आई सी आइ सी आई फाउंडेशन वर्ष 2017 से अपने ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम के माध्यम से देश के ग्रामीण समुदायों को सशक्त बना रहा है। ग्रामीण आबादी की आजीविका बढ़ाने के उद्देश्य से, यह कार्यक्रम ग्रामीण पारिस्थितिकी तंत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु जिला कुल्लू के विभिन्न गांवों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



# 22 जनवरी को सिरमौर में मांस व शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

**22 जनवरी 2024** को पावन नगरी अयोध्या में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी की जा रही है। मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक कार्यक्रम को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए जा रहे हैं। साथ ही देश की नामी 6 हजार हस्तियों को इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होने का न्यौता भी भेजा गया है।भगवान राम समस्त सनातन धर्म की आस्था के प्रतीक हैं। इसी के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उत्तर प्रदेश समेत अन्य कई राज्यों में 22 जनवरी को मांस व शराब की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इसी कड़ी में सनातन धर्म सभा, जैन सभा व श्याम परिवार नाहन का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त सिरमौर से मिला। सनातन धर्म सभा के प्रधान राजीव बंसल, जैन समाज के प्रधान विजय जैन व श्याम परिवार के प्रधान अखिल बंसल समेत प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से गुहार लगाई कि हिन्दू धर्म की आस्था के मद्देनजर 22 जनवरी को सिरमौर में भी तमाम मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखी जाएं।



## सैंसोवाल में लकड़ी कटान को लेकर मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना हरोली** के तहत सैंसोवाल में लकड़ी कटान को लेकर एक ठेकेदार से मारपीट हुई है। मारपीट में घायल ठेकेदार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में ठेकेदार सरवन कुमार निवासी बसाल ने बताया कि शुक्रवार शाम को सैंसोवाल में अन्य कामगारों के साथ लकड़ी काट रहा था। इसी दौरान लोअर धर्मपुर निवासी पम्मी सैणी ने मौके पर पहुंचकर रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी है। मारपीट में ठेकेदार सरवन कुमार चोटिल हुआ है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया है कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## लोहड़ी का पर्व आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक: कुलदीप सिंह पठानिया



**सद्भाव**

**8 लोहड़ी का पर्व आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व उत्तर भारत में मनाया जाना वाला प्रसिद्ध त्यौहार**

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सिहुंता में शनिवार को शिव दयाला मंदिर कमेटी सिहुंता द्वारा लोहड़ी के उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी का पर्व आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व उत्तर भारत में मनाया जाना वाला प्रसिद्ध त्यौहार है, यह त्यौहार दिल्ली, हिमाचल, हरियाणा और पंजाब में विशेष रुप से मनाया जाता है। यह उन्होंने यह भी कहा कि लोहड़ी का उत्सव सर्दियों के जाने का व वसंत ऋतु के आगमन का संकेत है। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि त्यौहार हमारी संस्कृति के परिचायक हैं। मेले व त्यौहार स्थानीय लोगों के आपसी मेल मिलाप के साथ-साथ सामुदायिक व व्यापारिक रूप से भी लोगों की आकांक्षाओं व आवश्यकताओं को पूर्ण करते हैं और हमारी संस्कृति व परंपराओं को संजोय रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कमेटी को प्रोत्साहन के तौर पर 21 हजार देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज महाजन, प्रधान ग्राम पंचायत सिहुंता अनिल कुमार, उप प्रधान मदन उप प्रधान छलाड़ा पंचायत शमशेर राणा, मंदिर कमेटी प्रधान रिंकू मेहरा सहित मंदिर कमेटी के सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सांसद स्वास्थ्य सेवा बनी लोगों के लिए वरदान

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**केंद्रीय सूचना** प्रसारण एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन पर चलाई गई सासद स्वास्थ्य सेवा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है यह बात सुजानपुर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी रहे कैप्टन रंजीत राणा ने शनिवार को सासद स्वास्थ्य सेवा के लगाए गए मेडिकल कैंप में कहीं-सुजानपुर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने जानकारी देते हुए वताया की शनिवार को ये मेडिकल केम्प सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धड़मेंना की एससी बस्ती में लगाया गया यहां सैकड़ो लोगों ने अपने स्वास्थ्य चेकअप करवाया और निशुल्क दवाइयां प्राप्त की। इस दौरान लोगों के निःषुल्क स्वास्थ्य टेस्ट भी किये गए। कैप्टन रंजीत राणा ने बताया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की जांच के दौरान अधिकतर लोगों को जोड़ों के दर्द सर्दी जुकाम शुगर बीपी हृदय रोग इत्यादि की शिकायत सामने आई है।इसमें तमाम लोगों को उचित मार्गदर्शन करने के साथ-साथ वर्तमान के मौसम में किस तरह से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना है इसको लेकर जानकारी दी गई। इस मौके पर सुजानपुर भाजपा मंडल के महामंत्री जगन कटोच सहित ग्रामीण पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ ने सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**इस मौके पर** प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर जोगिंदर नगर में उपस्थित रहे और उनकी उपस्थिति में जोगिंदर नगर में रिटायर हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी एनपीएस के तहत आते थे और प्रदेश सरकार द्वारा पेंशन बहाली के बाद उन्हें पुरानी पेंशन मिलना शुरू हुई है उन सभी को संगठन द्वारा सम्मानित किया जा रहा है स पिछले वर्ष 13 जनवरी को पहली कैबिनेट की बैठक में प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली पर मोहर लगाई थी।1 वर्ष के अंतराल में पुरानी पेंशन बहाली संबंधित अधिसूचना प्रदेश में हो चुकी है और लगभग 800 से भी अधिक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलना शुरू हुई है जिससे रिटायर कर्मचारियों में भारी उत्साह है। सभी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी का धन्यवाद किया है। प्रदीप ठाकुर ने कहा चि श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने पहली कैबिनेट में जिस तरह से पेंशन बहाली का बड़ा फैसला लिया वह सचमुच कर्मचारी इतिहास में याद रखने योग्य निर्णय है । कर्मचारी सदैव उनके ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेंशन पूरी तरह से बहाल हुई है जिसका उदाहरण आज पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है। जोगिंदर नगर में उन्होंने श्रीमती अनीता नारंग जो शिक्षा विभाग से रिटायर हुई है और उन्हें एनपीएस के तहत 2212 रुपए पेंशन मिलती थी, अब पुरानी पेंशन बहाली के पश्चात उन्हें 30000 रू पेंशन मिलना शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि श्री शिव चरण जी जो पहले एनपीएस के तहत रिटायर हुए थे को 6200 रू पेंशन मिलती थी पुरानी पेंशन बहाली के पश्चात उन्हें ज्यादा 34000 पेंशन मिलना शुरू हुई है। इस ऐतिहासिक लेने के लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के सम्मान में जल्द ही प्रदेश के सभी जिला में समान समारोह किए जाएंगे जिसमें माननीय मुख्यमंत्री और मंत्री गणों को सम्मानित कर प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया जाएगा।

इस मौके पर राज्य मीडिया प्रभारी पवन ठाकुरए जोगिंदर नगर अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष श्री दुलो राम, महासचिव विशाल, छोटू यादव तथा विनोद इत्यादि उपस्थित रहे।



# विधायक आशीष शर्मा ने क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**विधानसभा क्षेत्र** सदर के विधायक आशीष शर्मा ने शनिवार को बनालट मैदान में प्रतीक युवक मंडल फरनोहल की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस मौके पर विधायक ने सभी खिलाडि?ों को शुभकामनाएँ दी और कहा कि खेलें हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखती हैं। युवा किसी न किसी खेल में जरूर भाग लें और नशे से दूर रहें। यदि युवा खेलों में रुचि रखेंगे तो नशे की ओर उनका ध्यान जाएगा ही नहीं। प्रतीक युवक मंडल के प्रधान पंकज शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता का पहला मैच प्रतीक युवक मंडल फरनोहल और युवक मंडल कोहलू के बीच हुआ। प्रतीक युवक मंडल ने दस ओवर्स में 112 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कोहलू युवक मंडल की टीम दस ओवर्स में 65 रन ही बना सकी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में बीस से अधिक टीमें भाग ले रही हैं।



# 15 जनवरी से सड़क सुरक्षा पर जागरूकता आभियान चलाएगा परिवहन विभाग

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** सरकार में ट्रांसपोर्ट विभाग का जिम्मा देख रहे उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सडक दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए काम कर रही है। इसके लिए 15 जनवरी से एक विशेष अभियान की शुरूआत होने जा रही है। यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। इस अभियान में प्रदेश के लोगों को सडक सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाएगा। अभियान खत्म होने के बाद राज्य सरकार नियमों का उल्लंघन करने वालों का चालान भी करेगी, ताकि सडक दुर्घटनाओं को काम किया जा सके। इस अभियान में स्कूली बच्चों के साथ समाज के अलग-अलग वर्गों को जोड़ा जाएगा ताकि



अभियान सफल हो सके। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सडक दुर्घटनाओं के वक्त घायल को अस्पताल पहुंचने वाले लोगों को पुलिस तंग नहीं करेगी। हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि गाडि ?ों की पासिंग के लिए सरकार ने वहां स्क्रेपिंग सुविधा केंद्र स्थापित किया है।यह प्रणाली आईटी संसाधनों की मदद से प्रभावित ढंग से लागू होगी।इसके चलते इसमें मानवीय हस्तक्षेप कम हो जाएगा और टैक्स चोरी घट सकेगी। विभाग का लक्ष्य है कि पहले चरण में छह बैरियरों पर 31 मार्च, 2024 तक काम को पूरा किया जाए और अन्य 6 बैरियरों पर 30 जून तक काम पूरा हो। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि राज्य चालान के लिए ई-चालान की सुविधा शुरू करने जा रही है। मौजूदा वक्त में परिवहन विभाग ऑफलाइन चालान करता है।ऐसे में विभाग के पास भी रिकॉर्ड संभालने में खासी परेशानी होती है।इस समस्या को खत्म करने के लिए ई-चालान मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी। इससे भ्रष्टाचार खत्म करने में भी मदद मिलेगी।31 मार्च तक सभी अधिकारियों को ही चलने और पीआएस मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी।

# झुग्गी झोपड़ी में रह रहे बच्चों के पुनर्वास के लिए छेड़ा चाइल्ड लाइन ने अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**शनिवार को जिला** बाल संरक्षण इकाई चम्बा द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा के सहयोग से जिला चंबा के समीप झुग्गी झोपडि ?ां में झुग्गी जाकर स्ट्रीट सिचुएशन में रह रहे बच्चों की पहचान व उनके पुनर्वास के लिए एक अभियान का आरंभ किया गया स इस अभियान में बाल संरक्षण अधिकारी रिंकू शर्मा व चाइल्ड हेल्पलाइन से समन्वयक कपिल शर्मा ने झुग्गी झोपडि ?ां में जाकर बच्चों से संबंधित आंकड़े इके किए और यह जानने का प्रयास किया कि कहीं कोई बच्चा बिना मां बाप के झुकी झोपड़ी में तो नहीं रह रहा और यहां रहकर अपने जीवन यापन के लिए मजदूरी या गलियों में समान इत्यादि बेचने का काम कर रहा है और पढ़ाई छोड़ चुका है।टीम ने झोपडि ?ा में रह रहे लोगों से ऐसे बच्चों के बारे में जानकारी



देने का अनुरोध किया ताकि ऐसे बच्चों को सरकारी सहायता उपलब्ध करवा कर उनके पुनर्वास के लिए प्रयास किया जा सके तथा इसके साथ उन्हें बाल विवाह, वाल मजदूरी, दत्तक ग्रहण, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा का अधिकार, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 गुडि ?ा हेल्पलाइन 1515 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी व नशे के कुप्रभाव बच्चों को दूर रहने वारे जागरूक किया। और पोक्सो एक्ट के बारे में तथा गुड टच बाद टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# अज्ञात शातिरों ने घर का ताला तोड़ चुराए लाखों के आभूषण

## सीसीटीवी में तीन शातिर हुए कैद, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**सदर थाना** के तहत जलग्रां टब्बा में अज्ञात शातिरों ने एक घर के ताले तोडकर लाखों रुपये के आभूषण चुराने में सफलता हासिल की है। चोरी से पहले तीन शातिरों की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रीता निवासी जलग्रां टब्बा ने बताया कि माता सोमा देवी बड़े भाई दीपक कुमार के साथ घूमने गए हैं, जबकि मैं अपने ससुराल

**जांच**

**8 पुलिस ने अज्ञात शातिरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच की जा रही**

सलोह में रहती है। जलग्रां स्थित मकान में करीब एक माह से ताला लगा हुआ था। बीच-बीच में घर को देखने के लिए चली जाती हूं। जलग्रां में घर को देखरेख के लिये सीसीटीवी कैमरे ऑनलाईन वाई फाई के द्वारा लगा रखे है। शनिवार को अपने मोबाईल के जरिए सीसीटीवी कैमरे चैक किए, पाया कि कैमरों की डिरेक्शन दिवारों की तरफ है। पिछले कुछ दिनों की फुटेज को देखा, तो पता चला कि बीते 8 जनवरी की रात को तीन अज्ञात व्यक्तियो को दीवार फांद कर घर में घुस गए और सीटीसीवी की डिरेक्शन को घूमा दिया, जिसके बाद जलग्रां टब्बा पहुंची, तो पाया कि मेन गेट के दरवाजे पर ताला लगा हुआ था, लेकिन अंदर घर का मेन दरवाजा खुला हुआ था। घर की अलमारियों और बेडो का सामान विखरा हुआ था। रीता देवी ने बताया कि शातिरों ने अलमारी में रखे एक सोने का टिक्का, तीन सोने की अंगूठी, एक सोने का हार, एक सोने की चैन, एक सोने की नाथ चुरा ले गए। जिसकी कीमत करीब दो लाख रूपए होगी। शिकायत के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात शातिरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**स्वास्थ्य एवं** परिवार कल्याण विभाग सदर ब्लॉक मारकंड के सौजन्य से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेंद्र सिंह बावा के दिशा निर्देश में रामानुज संस्कृत कॉलेज पंजगाई में राष्ट्रीय युवा दिवस श्यामलाल प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की तरफ से हेल्थ एजुकेटर विजय शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय के साथ-साथ उनके आदर्शों पर ष्जैसे उठो जागो



तब तक नहीं रुको जब तक आपको अपना लक्ष्य प्राप्त न हो विस्तार से चर्चा की। उन्होंने हेल्दी फूड और हेल्दी ड्रिंक और नशे जैसे भयंकर दानव से बचने की अपील की। स्वामी विवेकानंद के कोट्स पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई तथा जिसमें 10 बच्चों ने भाग लिया और साथ में 10 मैजिक सवाल किए गए। इन 20 बच्चों ने अपनी प्रतिभा को बहुत सुंदर और बेहतर ढंग से प्रदर्शित किया। जिसमें भाग लेने वाले सभी बच्चों को इनाम वितरित किए।

# 108 एंबुलेंस में गूंजी किलकारियां

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। 108 एंबुलेंस** एक बार फिर से गर्भवती महिला के वरदान साबित हुई है। उपमंडल बंगाणा के दोबड़ की महिला का एंबुलेंस में सफल प्रसव हुआ है और बच्ची को जन्म दिया है। दोनों का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में चिकित्सकों की देखरेख में उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर को 108 एंबुलेंस को बंगाणा के गांव दोबड़ से फोन आया कि महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई है और हालत बहुत खराब है। ईएमटी ममता रानी व पायलट चमन लाल दोबड़ केस के लिए रवाना हो गए।

# 'कोल डैम क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग, वाटर स्पोट्र्स की बेहतर संभावनाए'

## युवा उत्सव को और आकर्षक रूप देने की बनाई जा रही है योजना

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**कोलडैम क्षेत्र** में लोहड़ी के अवसर पर होने वाला युवा महोत्सव को विवेकानंद युवा मंडल वाहोट-कसोल द्वारा 12 से 14 जनवरी तक आयोजित हो रहा है। खेलो के दूसरे दिन में हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार संघ की प्रदेश महामंत्री सरोज लता ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि उनके साथ सदर मंडल बीड़ीसी चेयरमैन सीता धीमान व हरनोड़ा पंचायत सदस्य दुर्गी देवी महिला मंडल अध्यक्ष कसोल गीता देवी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजित हो रही खेलों में



कबड्डी और वॉलीबॉल की प्रतियोगिता, मुख्य आकर्षण बनी है। युवा महोत्सव की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक अशोक शर्मा ने बताया कि महोत्सव के दौरान जूनियर और सीनियर कबड्डी तथा वॉलीबाल प्रतियोगिता करवाई जा रही है। पिछले कल सांस्कृतिक कार्यक्रम व जूनियर कबड्डी पुरुष व इंटर विलेज वॉलीबॉल मैच आयोजित हुए और आज सीनियर कबड्डी व वॉलीबॉल के मैच हो रहे है। खिलाडि ?ों के लिए आज और कल रहने और खाने का प्रबंध आयोजन समिति द्वारा किया है। इस बार उम्मीद से ज्यादा खिलाडियों ने शिरकत की है। आगामी वर्षो में युवा उत्सव को और आकर्षक रूप देने की योजना बनाएंगे। जिसमे एनटीपीसी व सरकार और क्षेत्र की जनता के सहयोग से कोलडैम जलाशय में वाटर एडवेंचर स्पोट्र्स गतिविधियों को शामिल किया जाएगा। क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग, वाटर और एयरो स्पोट्र्स पैराग्लाइडिंग की बेहतर संभावनाएं है। यहां एक ही जगह पर पर्यटन की दृष्टि से भी जल एथल और नभ तीनों गतिविधियों का आनंद ले सकते है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि इस उत्सव में शामिल होकर आनंद उठाएं।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर एसडीएम पांगी रमन घरसंगी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित तैयारियों को तय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने बताया कि यदि मौसम साफ रहा तो उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किल्लाड़ के खेल मैदान



में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर मौसम की स्थिति विपरीत रही तो आवासीय आयुक्त कार्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया जाएगा। उन्होंने बताया की इस दौरान परेड के बाद सांस्कृतिक और देशभक्ति से संबन्धित कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद स्कूल चौकीमन्यार में वार्षिक समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**स्वामी विवेकानंद** सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौकीमन्यार में शनिवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में रिटायर्ड प्रिंसिपल शिवलाल गोस्वामी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि समाजसेवी योगराज जोगी, पंडित रमेश शास्त्री, स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान सुमन शर्मा, बीडीसी सदस्य अंबेहडा सुषमा शर्मा एवं बीडीसी सदस्य चौकी अनिता कुमारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य जगदीश चंद धीमान ने मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित व स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्यातिथि शिवलाल गोस्वामी ने कहा कि वार्षिक समारोह किसी भी शिक्षण संस्थान की वर्ष भर की उपलब्धियां का आईना होता है। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन होता है, तथा अन्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

# शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म, सामान्य से 6.3 डिग्री ऊपर पहुंचा पारा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।**

**सर्दियों के मौसम** में पहाड़ों की रानी शिमला में रात का पारा लुढ़कने की बजाय बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि शिमला की रातें मैदानी इलाकों से गर्म दर्ज की जा रही हैं। शुक्रवार की रात शिमला का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 6.3 डिग्री अधिक है। पिछले चार दिन में शिमला के न्यूनतम तापमान में करीब सात डिग्री का उछाल आया है। बीते नौ जनवरी को शिमला में सीजन की सबसे सर्द रात रही, तब शिमला में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था।



हालांकि इसके बाद शिमला के न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। शिमला में जहां सर्दी का असर कम हुआ है, वहीं राज्य के मैदानी इलाकों बिलासपुर, ऊना और हमीरपुर में दोपहर तक लोगों को घने कोहरे का सामना करना पड़ रहा है। राहत की बात यह है कि बीते 24 घण्टों के दौरान प्रदेश के औसतन न्यूनतम तापमान में 3.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक लाहौल-स्पीति जिला का कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। इसके अलावा सुंदरनगर में 3.6 डिग्री, भुंतर में 5.1 डिग्री, कल्पा में 3.8, धर्मशाला में 9.2, ऊना में 4, मनाली में 6.1, कांगड़ा में 6.6, मंडी में 3.8, चम्बा में 5.9, डल्हौजी में 6.4, जुब्बड़हट्टी में 8.8, कुफरी में 9.2, नारकंडा में 7.3, भरमौर में 9.3, रिकांगपिओ में 7.1 और सियोबाग में 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन राज्य भर में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है। इस दौरान मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ी इलाकों में 16 व 17 जनवरी को बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई गई है, जबकि मैदानी भागों में मौसम शुष्क बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार जनवरी महीने में बारिश-बर्फबारी सामान्य से 100 फीसदी कम हुई है और यह स्थिति 17 वर्ष के बाद आई है।

# जिला भाषा विभाग ने मनाई मकर संक्रांति

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। भाषा, कला** एवं संस्कृति विभाग ऊना द्वारा शनिवार को जिला भाषा अधिकारी नीलम चंदेल के आदेशानुसार रक्कड़ कॉलोनी में लोहड़ी व मकर सक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्वी कला मंच द्वारा अनेक भजन गाए गए। कलाकार सिकंदर कुमार द्वारा दुनिया न चले श्री राम के बिना, राम जी चले न हनुमान के बिना, आज शनिवार है शनि जी का बार है सहित अन्य भजन प्रस्तुत किए। इस मौके पर पूर्व पंचायत प्रधान वीना गर्ग, विक्रांत रायजादा, मुनीश राय, भूपिंदर राय, जरनैल राय, मनोज व बॉबी मौजूद रहे।

# आदि हिमानी चामुंडा के रास्ते पर लगी स्ट्रीट लाइट्स को काटने पर भाजपा ने जताया रोष

**टीम एक्शन इंडिया/धर्मशाला।**

**धर्मशाला विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत जदरांगल के समीप आदि हिमानी चामुंडा के रास्ते में लगाई गई स्ट्रीट लाइट्स को पिछले दिन इन्हें वन विभाग द्वारा काट दिया गया जिससे स्थानीय लोगों की आस्था को ठेस पंहुची है। यह बात भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने शनिवार को प्रभावित स्थान पर पहुंचने के दौरान कही। उन्होंने स्थानीय लोगों सहित भाजपा कार्यकताओं सहित प्रभावित स्थल का जायजा लिया और प्रशासन द्वारा आननफानन में लाइट्स काटने की कड़े शब्दों में निंदा की। इस मौके



पर त्रिलोक कपूर ने वन विभाग के अधिकारियों को आह्वान किया कि अतिशीघ्र इन लाइट्स को फिर से चालू किया जाए वरना 15 जनवरी को मां के भक्तों द्वारा प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

# हिमाचल प्रदेश के चम्बा में भूकम्प के हल्के झटके

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला।**

**हिमाचल प्रदेश** में एक बार फिर भूकम्प के झटके लगे हैं। जम्मू-कश्मीर से सटे राज्य के चम्बा जिला में शनिवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप के झटके दिन में एक बजकर 16 मिनट पर कुछ सेकंड के लिए आए। भूकंप की तीव्रता रियेक्टर स्केल पर 3 दशमलव 1 मापी गई और इसका केंद्र जमीन की सतह से लगभग 9 किलोमीटर नीचे रहा। फिलहाल भूकंप की तीव्रता कम होने से जिले में कहीं भी जान-माल को नुकसान नहीं पहुंचा है।चम्बा में पिछले कुछ वर्षों से कई बार भूकम्प के झटके लग चुके हैं। हालांकि ज्यादा बार भूकम्प की तीव्रता कम रही है। चम्बा के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी भूकंप के झटकों से बार-बार धरती डोल रही है। राज्य में बीते साल के भूकंप के आंकड़े स्तब्ध करने वाले हैं। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलोजी के आंकड़ों के अनुसार हिमाचल में बीते वर्ष 2023 में लगभग 25 बार भूकंप आया। इन झटकों को लोगों ने महसूस किया है। हालांकि अधिकतर मर्तबा भूकंप की तीव्रता रियेक्टर स्केल पर तीन से चार तक रही। इनमें जून से अगस्त माह तक 15 बार भूकम्प आया। जून माह में तीन, जुलाई माह में आठ और अगस्त माह में चार बार भूकंप के झटके लगे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर 22 को जिला ऊना में होगी दिवाली: पठानिया

## कहा, कांग्रेस सदैव हिंदू विरोधी रही है, श्री राम का विरोध ठीक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**भाजपा के** जिला महामंत्री राज कुमार पठानिया ने कहा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में जिला भर में दीपावली मनाई जाएगी। पठानिया ने कहा कि 500 सालों के बाद भगवान श्री राम अपनी जन्मभूमि में स्थापित होने जा रहे हैं और इसको लेकर हिंदू समाज में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की वापसी का जश्न देश के कोने-कोने में मनाया जा रहा है। पठानिया ने अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर निर्माण और भगवान की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदैव हिंदू विरोधी रही है। उसी का प्रमाण है कि अब भी कांग्रेस नेतृत्व में अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दिए गए निमंत्रण को ठुकराया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की कुंठा से यह स्पष्ट हो गया है कि अयोध्या में भगवान राम की स्थापना कांग्रेस को गवारा नहीं है। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान किया कि 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दीए जलाकर और रंग बिरंगी रोशनियां लगाकर भगवान राम का अयोध्या में स्वागत करें। राज कुमार पठानिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर हर गांव व बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के होने वाले कार्यक्रमों में सहयोग करेंगे और बढ़चर करके भाग लेंगे, ताकि यह ऐतिहासिक दिन इतिहास बनाए।

## न्यूज फ्लैश

### वाहन चोर काबू, एक मोटरसाइकिल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट की टीम द्वारा आरोपी इअमित कुमार उर्फ मिठु पुत्र सतपाल वासी गढ़ी भरलइ को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी अमित की निशानदेही पर उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। मामले की जांच में पाया गया कि आरोपी अमित ने 29 जून को शिकायतकर्ता इरशाद वासी गढ़ी भरल की मोटरसाइकिल शमशान घाट से चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में नामालुम आरोपी के खिलाफ 29 जून 2023 को थाना घरौंडा में मुकदमा दर्ज किया गया था।

### अनिल चिकारा की घातक गेंदबाजी से दिल्ली कैपिटल्स ने 47 रनों से जीता मैच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निजामपुर** टिकरी प्रीमियर लीग सीजन-2 में क्रिकेट सीरीज का आयोजन किया जा रहा। इसी कड़ी में दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल ब्लास्टर के बीच मैच खेला गया। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 163/9 रन का ही स्कोर बना सकीं। हितेश संधु (59 रन, 37 बॉल, 7 चौके, 1 छक्का) और दिनेश कुमार (27 रन, 22 बॉल, 2 चौके) की पारी के बदौलत टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। रॉयल ब्लास्टर की तरफ से राकेश मलिक ने 4 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट और प्रवीण चिकारा ने 04 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। रनों का पीछ करने उतरी रॉयल ब्लास्टर की शुरूआत बेहद खराब रही। सलामी बल्लेबाज सुरेंद्र पहली बॉल पर ही बोल्ड हो गए। सलामी बल्लेबाज राकेश मलिक 44 रन ( 34 बॉल, 07 चौके) की बदौलत जैसै-तैसे स्कोर बढ़ा रहा थे। लेकिन राकेश मलिक को किसी भी अन्य बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 20 ओवर में 116/9 रन ही बना सकी। इस तरह दिल्ली कैपिटल्स ने 47 रनों से मैच अपने नाम किया। दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से अनिल चिकारा ने 04 ओवर में 19 रन देकर 04 विकेट लिए और अपनी घातक गेंदबाजी से रॉयल ब्लास्टर की पारी को बिखेर दिया। अनिल चिकारा को अन्य गेंदबाजों आशीष डरोमा, डबास पी., रोमय शर्मा का भरपूर साथ मिला।

### रणवीर सिंह की तूफानी बल्लेबाजी से एजे मार्बल्स ने मैक्सिमम एलेवन को 186 रनों से हराया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**निजामपुर** टिकरी प्रीमियर लीग सीजन-2 में क्रिकेट सीरीज का आयोजन किया जा रहा। इसी कड़ी में एजे मार्बल्स और मैक्सिमम एलेवन के बीच मैच खेला गय। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एजे मार्बल्स ने 35 ओवर में 378 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। रनों का पीछा करने उतरी मैक्सिमम एलेवन ने 192/10 ही बना सकीं। एजे मार्बल्स ने 186 रनों से मैच अपने नाम किया। एजे मार्बल्स ने की शुरूआत बेहद निराशाजनक रही। सलामी बल्लेबाज सौरव लाकड़ा 02 रन ही बना सके। वहीं दीपक ने 48 गेंदों पर धुआंधारी 82 रनों (15 चौकै) की पारी खेली। लेकिन एक तरफ से नियमित रूप से विकेट का भी पतन होता रहा। दीपक को अंत में रणवीर सिंह का साथ मिला। रणवीर ने महज 46 गेंदों पर 120 रन ( 06 चौके, 12 छक्के) की आतिशी पारी खेली। इस पारी के बदौलत एजे मार्बल्स ने 35 ओवर में 378/9 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मैक्सिमम एलेवन की तरफ से यश ग्रोवर ने 07 ओवर में 60 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं अमर राव ने 05 ओवर में 42 रन देकर 02 विकेट लिए। विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी मैक्सिमम एलेवन शुरू से ही दबाव महसूस कर रही थी। सलामी बल्लेबाज सस्ते में ही पवेलियन लौट गए। अमर राव (63 रन 66 बॉल ) और यश ग्रवोर (40 रन, 31 बॉल) ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन वो नाकाफी साबित हुई और पूरी टीम 26.2 ओवर में महज 192 रन पर ऑलआउट हो गई। एजे मार्बल्स की तरफ से आदर्श ने 4.2 ओवर में 21 रन देकर 04 विकेट चटकाए, वहीं दिव्यांश को 02 विकेट, डॉ. सौरभ लाकड़ाको 02 विकेट हासिल हुए। रणवीर सिंह को उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# राष्ट्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका: धर्मेंद्र सिंह

## उठो, जागो और तब तक नहीं रुकें, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। नेहरू** युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन बाबू मूलचंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में आईटीआई के प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, जिला युवा अधिकारी रेनू रानी तथा



अन्य उपस्थित विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। अपने उद्बोधन में जिला युवा अधिकारी रेनू रानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उठो, जागो और तब तक नहीं रुकें, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। जोश से भर देने वाली ये पंक्ति स्वामी विवेकानंद जी की ही हैं। स्वामी जी वह शख्सियत हैं, जिससे आज सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर के करोड़ों युवा जीवन जीने की सीख लेते हैं। उनके प्रेरणादायी और जोशीले विचार युवाओं में जोश फूंकने का काम करते हैं और आगे भी शताब्दियों तक करते रहेंगे। यही वजह है कि 12 जनवरी का दिन भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर भी मनाया जाता है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवा दिवस के राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट भी किया गया।

इसके उपरांत माननीय मुख्य अतिथि ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का विकसित देश बनने की महत्वाकांक्षा रखना एक सकारात्मक सोच है। यह संभव भी है, क्योंकि भारत की प्रगति की चर्चा सारी दुनिया में होती है। इसी सदी के आरंभिक दशक में जब अमेरिका के होम लोन संकट से जन्मी आर्थिक मंदी ने सारी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था, तब भारत की आर्थिक दृढ़ता को दुनिया ने महसूस किया था।

## पति को दूसरी औरत के साथ पकड़ा, घर पर बाइक खड़ी देख अंदर घुसी थी महिला

### मां-बेटे ने गली में घसीटकर पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। एसपी** कॉलोनी में पत्नी ने अपने पति को किसी दूसरी औरत के घर संदिग्ध हालात में पकड़ लिया। पत्नी को देख व्यक्ति मौके से फरार हो गया। इससे पहले कि पत्नी अपने पति का पीछा कर पाती, दूसरी औरत ने अपने लडके साथ मिलकर उसको पकड़ लिया और जमकर मारपीट की। घायल हालत में महिला अस्पताल में मेडिकल करवाने पहुंची। पुलिस मामले में शिकायत की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता पत्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10 जनवरी को एसपी कालोनी में गेट नंबर पांच से निकल रही थी। उसे एक घर के बाहर अपने पति की बाइक खड़ी देखी। वह घर के अंदर अपने पति के बारे में पूछताछ करने के लिए चली गई। उसका पति घर में किसी दूसरी औरत के साथ संदिग्ध अवस्था में था। वह उसे देखकर मोटरसाइकिल उठाकर मौके से फरार हो गया। महिला का आरोप है कि उसके पति का उस औरत के साथ नाजायज रिश्ता है। मेरा पति वहां से भाग गया, लेकिन उस औरत ने अपने लडके के साथ मिलकर उसको बहुत पीटा। दोनों ने बाल पकडकर घर में घसीट घसीटकर डंडों से मारा। वे उसे मारते मारते सडक पर लेकर आ गए थे। लोगों के सामने उसको बुरी तरह से पीटा, जिससे मेरे सिर व टांग पर चोटे आई हैं। महिला ने बताया है कि उसका पति अपनी कमाई का सारा पैसा उसी औरत पर खर्च कर रहा है और मैं अपने बच्चों का पेट पालने के लिए घर घर काम करने पर मजबूर है।

## ऑनलाइन टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना साइबर** की टीम ने ऑनलाइन टास्क को पूरा करने के नाम पर 4 लाख 75 हजार रुपए की ठगी करने वाले दो आरोपी सुभाष पुत्र कृष्ण वासी नागोकी थाना बड़ागुढ़ा सिरसा और सुनील पुत्र सुभाष चंद्र वासी खाई शेरगढ़ थाना ओढ़ा सिरसा को सिरसा से गिरफ्तार किया। आरोपी सुभाष के कब्जे से मौके से बीस हजार रुपए बरामद किए गए।

आरोपी सुभाष पुत्र कृष्ण को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि आरोपी सुनील को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी सुनील की निशानदेही पर उसके कब्जे से चालीस हजार रुपए बरामद किए गए। मामले में दोनों आरोपियों से कुल 60 हजार रुपए बरामद किए गए।

इस संबंध में बलवान सिंह वासी पुरानी अनाज मंडी इंद्री ने शिकायत दी थी कि 12 दिसंबर 2023 को उसके व्हाट्स एप पर अज्ञात नंबर से ऑनलाइन टास्क पूरा करके पैसे कमाने बारे मैसेज आया, जिससे शिकायतकर्ता ने बात करनी शुरू कर दी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने उसमें कई बार दो हजार, चार हजार रुपए डाले और प्रॉफिट कमाकर निकाल लिए। ऐसे करते-करते शिकायतकर्ता को लालच आ गया और उसने ज्यादा प्रॉफिट कमाने के लालच में उसमे 4 लाख 75 हजार रुपए लगा दिए। उसके बाद उन्होंने व्हाट्स एप मैसेज और काल का जवाब देना बंद कर दिया और सारे पैसे हड़प लिए।

शिकायत के आधार पर 4 दिसंबर 2023 को आरोपी के खिलाफ थाना साइबर करनाल में धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने के मामले में आईपीसी की धारा 420, 120बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## निफा ने 450 परिवारों की बेटियों के साथ मनाई लोहड़ी

### निफा की अलग-अलग टीमें सम्मान के लिए विशेष प्रशस्ति पत्र और उपहार लेकर घरों तक पहुँची

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। आज करनाल** में एक वर्ष से कम आयु की बेटियों को जहां उपहार मिल रहे हैं, वहीं उनके माता-पिता का विशेष सम्मान किया जा रहा है। सामाजिक संस्था निफा की अलग-अलग टीमें सम्मान के लिए विशेष प्रशस्ति पत्र और उपहार लेकर करनाल जिले में उन घरों तक पहुँच रही हैं, जहां बेटियों की लोहड़ी मनाई जा रही है। 21 वर्ष पहले शुरू हुई एक सोच 2006 में एक अभियान का रूप ले गई और 2023 आते आते उस अभियान ने समाज की पूरी सोच पर इतना असर डाला कि समाज में लडका लडकी में भेदभाव करने वाले एक रिवाज को ही बदल डाला। उत्तर भारत में



अन्य त्योहारों के साथ-साथ लोहड़ी का उत्सव बड़े जोश के साथ मनाया जाता है और खासतौर पर इसे पंजाबी समुदाय का उत्सव माना जाता है। लेकिन इस त्योहार के साथ एक भेदभाव भी जुड़ा था। जहाँ लोहड़ी के त्योहार पर लडकों के जन्म की खुशी मनाई जाती थी, ढोल धमाके के साथ लोहड़ी के गीत गाये जाते थे, वहीं लड़कियों के जन्म पर ऐसे किसी उत्सव की कोई बात नहीं करता था। यहाँ तक कि लोहड़ी माँगने वाली टोलियाँ भी केवल उन्हीं घरों में जाती थी, जिनके यहाँ बेटों ने जनम लिया होता था।

जनवरी 2002 में एक नई पहल करते हुए राष्ट्रीय मुद्दों पर अनेकों बार अपनी विशेष भूमिका दर्ज करवा चुकी संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) के संस्थापक अध्यक्ष व समाज सेवी प्रीतपाल सिंह पन्नु ने 2001 में जन्मी अपनी बेटी महक ज्योत की पहली लोहड़ी को उसी धूमधाम से मनाया, जैसे समाज में लडकों के जनम पर लोहड़ी मनाते थे। पन्नु की यह व्यक्तिगत सोच व पहल 2006 में एक अभियान में बदल गई, जब उन्होंने अपनी संस्था के बैनर तले पहली बार लोहड़ी बेटी के नाम कार्यक्रम का आगाज किया। निफा अध्यक्ष का कहना है कि इस पहल को बहुत अधिक उत्साह नहीं मिला और नगर निगम व सरकारी अस्पताल से प्राप्त रिकॉर्ड से उनके साथियों ने क?ीब 10000 परिवारों को एक स्थान पर इक्ा होकर बेटी की पहली लोहड़ी मनाने के लिए संपर्क किया।

## जनता अब विपक्ष के बहकावे में आने वाली नहीं : हरविंद्र कल्याण

### भाजपा ने हर वर्ग के कल्या के लिये योजनायें बनाई हैं और उन्हें धरातल पर भी पहुंचाया है

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव फैजलीपुर, अंधेड़ा और बरसत पहुंची। तीनों जगह भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों के लिये कुछ नहीं किया। वोट की खातिर जरूर उन्हें बरगलाया गया। अब जनता जागरूक हो चुकी है और झांसे में आने वाले नहीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिये योजनायें बनाई हैं और उन्हें धरातल पर भी पहुंचाया है। लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है। आज गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के



मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। पहले धन अभाव के कारण गरीब अपना इलाज भी समय पर नहीं करा पाते थे।

तीनों गांवों में सरपंचों ने विधायक का स्वागत किया। हरविंद्र कल्याण ने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टाल्स का अवलोकन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। लोकसंपर्क एवं भाषा विभाग के गायक कलाकारों ने विकासात्मक गीत

**निशाने पर विपक्ष**

**8 पिछली सरकारों ने गरीबों के लिये कुछ नहीं किया। वोट की खातिर जरूर उन्हें बरगलाया गया**

प्रस्तुत किये। अंधेड़ा में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रमेश कश्यप और फैजलीपुर में सुदर्शन जुनेजा ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विधायक द्वारा गांव में 9 साल में कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दी गई। विधायक ने कहा कि एक समय ऐसा था जब मंत्रियों, सांसदों अथवा विधायकों के चहेतों अथवा उनके रिश्तेदारों को ही नौकरी दी जाती थी लेकिन भाजपा सरकार ने इस बुराई को खत्म कर दिया है। अब युवाओं को मेटिर के आधार पर नौकरी दी जा रही है। गरीबों के बच्चे अफसर बन रहे हैं। प्रदेश में पिछले नौ साल में 1.10 लाख युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है, 60 हजार नौकरियां पाइप लाईन में हैं।

उन्होंने हलके में कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हलके में 70 नई सडकें और 40 पुल बनाए गए हैं, 15 स्कूलों को सीनियर सेकंडरी बनाया गया है, 7 नए पॉवर हाऊस स्थापित किए गए हैं, लड़कियों का कॉलेज बनवाया गया है, देश की दूसरी एनसीसी अकादमी मंजूर हो चुकी है।

## कुष्ठ रोगी को समाज में सम्मान देना प्रति व्यक्ति का नैतिक दायित्व है: डा श्रीप्रकाश मिश्र

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)कुष्ठ रोगी** समाज का एक अभिन्न अंग है। कुष्ठ रोग के कलंक का रोगी और परिवार दोनों पर बहुत बड़ा और व्यापक परिणाम होता है। सबसे पहले, यह कुष्ठ रोग के शुरूआती निदान को रोकता है क्योंकि जो लोग डरते हैं कि उन्हें यह हो सकता है तो वे निदान की पुष्टि करने के सभी अवसरों से बचते हैं, जिससे विकृत त्वचा और रोग के तांत्रिका विकास के लिए जगह मिल जाती है। यह विचार लोहड़ी, मकर संक्रांति एवं मातृभूमि सेवा मिशन के 21वे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर श्रीराम कुष्ठ आश्रम में कंबल एवं गर्म वस्त्र वितरण कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम कुष्ठ आश्रम परिसर में स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में पूजा एवं अर्चना से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा श्रीराम कुष्ठ आश्रम में रह रहे सभी परिवारों एवं बच्चों को कंबल एवं गर्म वस्त्र वितरित किए गए। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि कुष्ठ रोगी को समाज में सम्मान देना प्रति व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। कुष्ठ रोग कलंक नहीं है बल्कि यह एक व्यक्ति के शरीर में होने वाली शारीरिक क्षमता की प्रक्रिया है। कुष्ठ रोग के प्रति समाज में जानकारी के अभाव में कुष्ठ रोगी आज समाज की दया, करूणा एवं हीन भावना का पात्र बना चुका है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि समाज के सभी असहाय एवं जरूरतमंद मेरे लिए नारायण स्वरूप है और मैं उस प्रभु का सेवक है जिसे अज्ञानी लोग मनुष्य कहते हैं। आज आवश्यकता है कि हम सब समाज में कुष्ठ रोगियों से हीन भावना से नहीं उनके सम्मान पूर्वक व्यवहार करें। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र से हुआ। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन मिशन के सदस्य धर्मपाल सैनी ने किया। कार्यक्रम में कुष्ठ आश्रम के सभी परिवार एवं मातृभूमि सेवा मिशन के सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

## दुकानों का मालिकाना हक पाने के लिए विधायक महिपाल को दिया ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**
**गैलेक्सी** कोर्ट मार्केट सोसायटी के पदाधिकारीयो ने दुकानों का मालिकाना हक पाने के लिए विधायक महिपाल ढांडा को सोसाइटी के प्रधान राज कालड़ा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंप कर दुकानों का मालिकाना हक दिलवाले की मांग की । राज कालडा ने बताया कि गैलेक्सी कोर्ट के सभी दुकानदारों ने अंसल एपीआई मालिकों को सभी दुकानों की पूरी पेमेंट कर दी गई और उनके द्वारा दुकानों को एनओसी भी दे दी गई लेकिन अंसल मालिकों द्वारा डीटीपी विभाग से कंप्लीशन नहीं लिया गया जिसकी जानकारी दुकानदारों को भी नहीं थी अब जब जिला योजनाकार द्वारा दुकानदारों को नोटिस दिए गए तब मालूम हुआ कि दुकानदारों के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है उसके बाद से ही सभी दुकानदार एकजुट होकर कंप्लीशन पर आने वाले खर्च को भरने को तैयार हैं। सुरेंद्र राणा महासचिव ,कंवरपाल अहलावत और आर एल बंसल ने विधायक से कहा कि अंसल की सबसे बड़ी समस्या बिजली कनेक्शन की थी जिसको आपने कुछ समय में ही मुख्यमंत्री के साथ मिलकर हल कर दिया इन दुकानदारों की इतनी बड़ी समस्या नहीं है जिसका समाधान नहीं हो सके कंप्लीशन का खर्च हम अपने स्तर पर जमा करने को तैयार है उन्होंने कहा कि हमें हमारी दुकानों का मालिकाना हक दिलवाया जाए

## मंदिर में पुजारी के साथ हुई लूट, वारदात सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। कस्बा** घरौंडा के साईं मंदिर में चार नकाबपोश हथियारबंद बदमाश घुस गए। यहां उन्होंने मंदिर पुजारी और उसके परिवार के साथ मारपीट की और लूटपाट कर फरार हो गए। पुजारी व उसके परिवार ने बदमाशों का डटकर सामना किया। बदमाशों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुजारी ने डायल-112 को कॉल किया और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस व एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने



शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

मंदिर के चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि रात करीब 12 बजकर 57 मिनट पर कार के पास एक बदमाश नजर आया और उसने आते ही कैमरों पर वार कर दिया। दूसरे कैमरे में तीन बदमाश नजर आते हैं और एक बदमाश मंदिर की साइड में रखे बेंच पर खड़े होकर चेक करता है कि दीवार के पार मंदिर में कोई है तो नहीं।

इसके बाद चारों बदमाश दीवार फांदकर मंदिर के अंदर एंट्री कर जाते हैं। एक बदमाश के पास डंडा भी है और एक ने मुंह को मफलर से लपेटा हुआ था, बाकी ने अन्य कपड़ों से। इसके बाद मंदिर के ही पीछे पुजारी के आवास के पास पहुंचते हैं। नीले रंग की जैकेट और काले टोपे में मौजूद एक बदमाश दरवाजा चेक करता है। दरवाजा अंदर से बंद था। एक बदमाश ने दूसरे बदमाश को दीवार पर चढ़ा दिया और उसे अंदर पहुंचा दिया। इसके बाद उसने अंदर से दरवाजा खोला और अन्य बदमाश भी पुजारी के आवास में घुस गए।

पुजारी मुकेश कुमार ने बताया कि बदमाश पहले कमरे में घुसे, जहां पर उसके बच्चे गुलशन और अंशुल सोए हुए थे। छोटे बेटे को टॉर्च लगाकर एक बदमाश ने पूछा कि बाबा कित्थे है।

## भारत जल्द बनेगा विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति: भगवानदास

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा शनिवार को नगरपालिका तरावड़ी में पहुंची, जिसका उपस्थित लोगों द्वारा पूरे जोश के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम फायर ब्रिगेड ग्राऊंड में आयोजित किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में विधायक धर्मपाल गोंदर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी प्रदेश के हर गांव व वार्ड में जा रही है। हरियाणा के सभी गांवों के साथ-साथ शहरों के सभी वार्डों को यह कवर करेगी। इस गाड़ी के आने का मकसद यही है कि प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा



जो योजनाएं लोगों के कल्याणार्थ शुरू की गई हैं, उनमें से एक भी लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ हासिल करने में पीछे न रहे। सरकार आपके द्वार यानी गांव में आकर सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में जानकारी दे रही है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े, इसके लिए सभी अधिकारी मौके पर ही उपस्थित होकर जो भी योजनाओं से सम्बन्धित पात्र व्यक्ति हैं, उनका मार्गदर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी भी मौजूद रहे।

**नीलोखेड़ी नगरपालिका पहुंची विकसित भारत यात्रा:** इसी प्रकार विकसित भारत यात्रा नीलोखेड़ी नगरपालिका पहुंची। यह कार्यक्रम बजरंग सेवा दल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। आज देश का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान समय-समय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लाभार्थियों को दिया गया मार्गदर्शन अद्भुत रहा है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' घर-घर जाकर जनता को योजनाओं से जोड़ रही है और उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं।

यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वे अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

## एमडीडी बाल भवन मे हुआ योग विज्ञान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। भारत** स्वाभिमान, पतंजलि योग समित्ति एवम आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन एमडीडी बाल भवन फूसगढ़ रोड में किया जा रहा है। बाल भवन के निदेशक पीआर नाथ ने योगा टीम का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

दूसरे दिन के शिविर का शुभारंभ वेद मंत्रों के साथ जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा ने किया। योग्गिंग जॉगिंग के 12 अभ्यास बड़ी सहजता के साथ सिखाये। ताड़

**योगाभ्यास**

**8 नियमित योगाभ्यास से ही स्वस्थ जीवन की कामना की जा सकती है : निदेशक पीआर नाथ**

आसन, वृक्ष आसन, उत्कट आसन, गरुड़ आसन एवम वृक्ष आसन का अभ्यास करवाए। उन्होंने बताया कि गरुड़ आसन घुटनों की एलाइनमेंट के लिये बहुत बढि?ा अभ्यास है। जिन बच्चों के घुटने चलते हुए आपस में टकराते हैं, उनके लिए गरुड़ आसन रामबाण का कार्य करता है।

आयुष विभाग से डॉ. अमित पुंज ने बच्चों को अनुलोम विलोम प्राणायाम का सही तरीका समझाया। उन्होंने बताया कि अनुलोम विलोम प्राणायाम से न केवल खांसी नजले पर नियंत्रण रहता है, बल्कि स्मरण शक्ति बढ़ाने आदि विशेष योगाभ्यास करवाये। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से ही स्वस्थ जीवन की कामना की जा सकती है। सोमनाथ अरोड़ा ने प्राणायाम की मेहता बताई तथा भ्रामरी, उदगीत प्राणायाम करवाया। भजन के साथ तालिवादन करवाया।

# भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है



हृदयनारायण दीक्षित

> "हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुन्दर है, "सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।" आगे सात शब्द का दोहराव है, "सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें।" वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, "इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।" पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, "यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं।"

**भारत** उत्सव प्रिय उल्लासधर्मा देश है। सतत कर्म यहां जीवन साधना है। पूरे वर्ष कर्म प्रधान जीवन और बीच-बीच में पर्व त्योहार और उत्सवों का आनंद। भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है। उत्स का अर्थ है केन्द्र। उत्सव परिधि है। उत्सव उल्लासधर्मा होते हैं। वे भारत के लोक को भीतर और बाहर तक आच्छादित करते हैं। मकर संक्रान्ति का उत्सव ऐसा ही है। यह भारत के सभी हिस्सों में मनाया जा रहा है। नदियों में कड़ाके की ठंढ के बावजूद स्नान ध्यान, पूजन और आनन्द। हम भारत के लोग उत्सवों में समवेत होते हैं, आनन्दित होते हैं। संप्रति मकर संक्रान्ति के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आनंद की लहर है। भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, "जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है।" सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, "मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है।"

सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के एक सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे देवों से समृद्धि की कामना करते हैं। अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं, "सविता पश्चातात सविता-सविता हमारे पीछे हैं।" फिर कहते हैं,"पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीघार्यु भी दें।" सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता मकर राशि पर हैं। उनके अभिनन्दन की सुन्दर मुहूर्त है मकर संक्रान्ति। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रान्ति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, "माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।"



ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि, "आदित्य ही प्राण हैं।

छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं,जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।" सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं।

हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुन्दर है, "सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।" आगे सात शब्द का दोहराव है, "सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें।" वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, "इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।" पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, "यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं।" ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं, "मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं।" अंत में कहते हैं, "बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है।"सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, "मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।" सूर्य जीवनदाता हैं। आराध्य हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों में सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने "वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप" पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है, "सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता भी कहते हैं। सूर्य उपास्य हैं।

ऊषा देवी भी उन्हीं का एक आयाम हैं।" ऋषि कहते हैं, "सविता सूर्य विश्वरूपाणि हैं और ऊषा के बाद प्रकाशित होते हैं।" ऋग्वेद (1-141-2) में अग्नि के तीन रूप बताए गए हैं। पहला भौतिक अग्नि। दूसरा मेघों बादलों में विद्युत रूप अग्नि और तीसरे सूर्य। ऊषा देवी सूर्योदय के पहले की आभा हैं। ऊषा की स्तुति में कहते हैं, "ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूरब से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी प्रकृति के शाश्वत नियमों के अनुसार चलती है।" यहां ऊषा का वस्त्र प्रकाश है। आगे बताते हैं जैसे भद्र नारियां सोए हुए परिजनों को जगाती हैं। वैसे ही ऊषा भी सोने वालों को जगाती हैं।" वैदिक समाज के लोग प्रातःकाल उठते थे। वे सूर्योदय देखते थे। आनंदित होते थे। सूर्य नमस्कार करते थे। ऊषाकाल वैदिक समाज के लोगों का जागरण काल है। ऋषि ने ऊषा को लेकर सुन्दर मंत्र रचे हैं। कहते हैं कि "यह ऊषा जैसे पति से मिलने के लिए मुस्कराती हुई अपना सौंदर्य प्रकट करती है।" ऋषियों का भावबोध सौंदर्यबोध भी बहुत गहरा है। कहते हैं, "ऊषा अपने पराए का भेद नहीं करती। जैसे छोटी बहन बड़ी बहन के लिए स्थान खाली कर देती है वैसे ही रात्रि रूपी छोटी बहन बड़ी बहन ऊषा के लिए अपने स्थान से हट जाती है।" ऋषियों के मन में अच्छे लोगों के आदर के लिए भेदभाव भी हैं। स्तुति है, "हे ऊषा आप कंजूस लालची को न जगाएं। कर्मठ संघर्षशील लोगों को ही जगाएं।" प्रार्थना यह भी है कि वे हमारी बुद्धि को सत्कर्मों के लिए प्रेरित करें।" ऊषा जैसा मनोरम चरित्र दुर्लभ है। गायत्री मंत्र में भी सूर्य सविता की स्तुति है।

ऋग्वेद (3-62-10) के अनुवाद में सातवलेकर कहते हैं, "हम सविता देव के उस श्रेष्ठ वरण करने योग्य तेज का ध्यान करते हैं। वे सविता हमारी बुद्धियों को उत्तम मार्ग के लिए प्रेरित करें-तत्स वितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात।" मकर संक्रांति के अवसर पर इसी मंत्र का पुरस्चरण करते हुए लोकमंगल की उपासना करें।

## संपादकीय

# सामाजिक-पारिवारिक मूल्यों के रखवाले हैं श्रीराम

**भगवान** श्रीराम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिह्नित करना बहुत दूर की कौड़ी है। भारतीय समाज में श्रीराम उस वट वृक्ष की तरह हैं जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधी, संबोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। 'श्रीराम' भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा हैं। उनमें निगुर्णों व सगुणों सब ही का समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्मस्वरूप देखते है। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही श्रीराम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं। वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के श्रीराम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के श्रीराम भारतीय जनमानस में बसे श्रीराम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे श्रीराम हैं। श्रीराम ही हैं, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो मान-सम्मान का सम्बोधन ही 'राम-राम' हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवश्यक आधार बन जाता है।

श्रीराम भारतीय परम्परा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत संतुलित राम हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मयार्दा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं। प्रभु श्रीराम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह सबको चमत्कृत नहीं अपितु आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल-बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबन्धक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीर "निर्गुण राम जपहुं रे भाई।" श्रीराम के चरित्र में पग-पग पर मयार्दा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है। राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निमार्ता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया। श्रीराम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मनःस्थितियों-घटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। श्रीराम भारतीय समाज की वैचारिक थाती हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक हैं। इसलिए वह सर्वत्र हैं। सबके हैं और सब उनके हैं।

## कविता

हे पतंगबाज !
मुझे पता है कि तुम मकर संक्रांति के इस पर्व पर
बहुत खुश, आनंदित हो।
तुम्हारे हाथों में तीक्ष्ण मांझा है।
तुम पेंच लड़ाने में
स्वयं को बहुत
आल्हादित महसूस कर रहे हो।
दिनभर मौज-मस्ती में लीन हो।
तुम्हारे पास डीजे का जोरदार साउंड है।
मिठाईयों की , तिल-गुड़, रेवड़ियों की बहार है।
मस्ती का नशा
तुम्हारे सिर चढ़कर बोल रहा है।
'वो काटा, वो मारा' की आवाज तुम्हारे दिल को
न जाने कितना सुकून दे रही है ।
तुम्हारे लबो पर हंसी तैर रही है।
लेकिन हम
भोर से लेकर शाम ढलने तक,
छिपे हैं अपने नीड़ में
भूखे-प्यासे !
हमारे मन में एक अजीब सी घबराहट है
बेचैनी है ।
'मकर संक्रांति' का पर्व क्या हमारे लिए नहीं आता
?
तुम्हें पता है-
इस दिन(मकर संक्रांति पर)सूर्य देव अपने पुत्र शनि
देव से मिलने उनके घर जाते हैं।
खुशियां तैरती हैं चहुंओर।
लेकिन
हमारी खुशियों को 'तुम्हारी खुशियों का मांझा'
ग्रहण लगाता है।

सुनील

# नकारात्मक राजनीति का मोहरा बने शंकराचार्य

**नकारात्मक** राजनीति कांग्रेस और उसके नेताओं की आदत बन चुकी है। भाजपा नीत केंद्र सरकार के हर निर्णय का बिना सोच-विचार के विरोध करना कांग्रेस जरूरी समझती है और अपने राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए लोगों के हित और अहित की भी परवाह नहीं करती।हाल ही में अयोध्या में रामजन्मस्थान मंदिर के उद्घाटन और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कांग्रेस ने एक नया विवाद छेड़ने की कोशिश की है। कांग्रेस के नेताओं ने कहना शुरू कर दिया कि शंकराचार्यों को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में न बुलाकर भाजपा ने हिन्दुओं को बांटने की साजिश की है, भाजपा रामानंदी संप्रदाय और शैव संप्रदाय को बांटने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस अयोध्या में होने वाले भव्य समारोह का बॉयकॉट करे, समझ में आता है। लेकिन शंकराचार्य जैसे बड़े धार्मिक पद पर बिराजे संत प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर सवाल उठाएं, ये दुख और दुर्भाग्य की बात है। आदि शंकराचार्य ने सिर्फ 32 साल की आयु में पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने वाले चार मठों को स्थापना की, देश के चार अलग अलग कोनों में मठ स्थापित किए, उन मठों की ज़िम्मेदारी समाज को रास्ता दिखाने वाले संतों को दी। ये परंपरा दो हजार साल से जारी है। आज भी हिन्दू जनमानस में शंकराचार्य का सम्मान सबसे ज्यादा है। शंकराचार्य व्यक्तिगत राग-द्वेष..मान-अपमान, मोह और अंहकार से मुक्त होते हैं। मोक्ष का मार्ग बताते हैं, सनातन परंपरा के वाहक होते हैं। ऐसे में अगर कोई शंकराचार्य ये कहे कि मोदी मंदिर का उद्घाटन क्यों कर रहे हैं? मोदी प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में यजमान क्यों हैं? मंदिर का उद्घाटन अभी क्यों हो रहा है? तो ये बात उनके पद, गरिमा और प्रतिष्ठा के अनुरूप नहीं है। शंकराचार्य को इससे क्या लेना देना कि कब चुनाव हैं? किस पार्टी की सरकार है? चुनाव देखकर महूर्त निकाला गया या नहीं? जब शंकराचार्य इस तरह के बयान देते हैं तो इससे पूरे संत समाज की प्रतिष्ठा पर सवाल उठते हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस के नेता इस मामले में शंकराचार्यों के अंह को भड़का रहे हैं और फिर उनके बयानों को सियासी रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस ने इस मामले में दो शंकराचार्यों को अपनी सियासत का मोहरा बना दिया क्योंकि कांग्रेस हाईकमान ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया। भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बना दिया और कांग्रेस अब इससे किसी तरह पीछा छुड़ाना चाहती है। लेकिन ये इतना आसान नहीं होगा। दिग्विजय सिंह ने कहा कि शकंराचार्य सनातन परंपरा के वाहक है, भाजपा और श्लढ शंकारचार्यों का अपमान कर रही है, इसीलिए शंकराचार्यों ने इस कार्यक्रम में आने से इनकार कर दिया है। इसके बाद दो शंकराचार्य - ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और पुरी गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के बयान भी आ गए। दोनों शंकराचार्यों ने कहा कि वो 22 जनवरी को अयोध्या नहीं जाएंगे।

## विचार

# भारत की पहचान का मूल तत्व हैं श्रीराम

आशीष वशिष्ठ

**श्रीराम** भारतीय संस्कृति की चेतना के प्राण तत्व है। संपूर्ण भारतीय संस्कृति में राम नाम की महत्ता की चर्चा पाई जाती है। भगवान श्री राम साधन नहीं साध्य हैं। श्रीराम को धर्म जाति देश और काल में सीमित नहीं किया जा सकता। श्रीराम ने समूची वसुधा को सत्य के मार्ग का अनुसरण करना सिखाया है। जीवन के प्राण तत्व राम हैं। भारतीय लोक जीवन में राम का महत्व सदियों से रहा है। श्रीराम कण-कण में व्याप्त है। श्रीराम भारत राष्ट्र की शक्ति हैं। वे राष्ट्रीय ऊर्जा के स्रोत हैं। वे राष्ट्र के शरीर भी हैं और मन भी। ईश्वरीय सत्ता श्रीराम का शरीर धारण कर भारत भूमि पर उतरी थी। वे सम्पूर्ण मानवीय चेतना और संवेदना के पुंज थे। श्रीराम ने मनुष्य को मनुष्य का आचरण बताया था। मनुष्य को उत्कर्ष और उत्सर्ग की कला सिखायी थी। राम का जीवन आदि, मध्य और अन्त की कथा नहीं है। वह सनातन हैं, निरन्तर हैं, नित्य हैं, नूतन हैं। सार्वकालिक और सार्वभौमिक हैं। श्रीराम के साथ रहना और उनके साथ चलना किसी दिव्य जीवन प्रवाह के साथ चलने जैसा है। उस दिव्य प्रवाह के साथ जो निरन्तर है, जिसमें हर क्षण नये-नये जल कणों का सम्मिलन होता रहता है, जिसका गन्तव्य वह महासागर है, जो असीम है, सीमाबद्धता जिसे अमान्य है। नित्य नयी लहर, नित्य नयी ऊर्जा के स्रोत हैं राम। देश में एक ऐसा समूह भी है जो श्रीराम और राम मंदिर का विरोध करता है। इस समूह में राजनेता, राजनीतिक दल और तथाकथित बुद्धिजीवी शामिल है। इस समूह से अहम प्रश्न यह है कि जो लोग राम या राम मंदिर का विरोध करते हैं, उनकी नीयत क्या है? क्या वे अपनी स्थापनाओं के प्रति सचमुच ईमानदार हैं? क्या उनमें यह कहने का साहस है कि वे श्रीराम को पूर्णतः अस्वीकार करते हैं? क्या श्रीराम से जुड़ा जीवन दर्शन अराष्ट्रीय है? भारत की पहचान का मूल तत्व राम नहीं तो और क्या है? यदि इन और इसी प्रकार के अन्य प्रश्नों का उत्तर वे नहीं देना चाहते, और यदि उत्तर देते भी हैं, तो हीलाहवाला करके देते हैं, तो यही कहना पड़ेगा कि वे सब डरे हुए लोग हैं, लोभी लोग हैं। केवल सत्ता के सौदागर हैं। लोकजीवन की मान्यताओं, राष्ट्रीय परम्पराओं और प्रेरणा पुरूषों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। इस खेमे के चरित्र का मर्म यह है कि यदि श्रीराम की भक्ति में वोट मिलताा होगा तो वे श्रीराम का एकमात्र भक्त होने की घोषणा कर देंगे और यदि श्रीराम को कोसने से सत्ता का समीकरण बनता दिखाई देता है तो श्रीराम को राष्ट्रघाती घोषित करने में उन्हें कोई संकोच नहीं होगा। आजादी के बाद से अब तक वे जिस गांधी के नाम की राजनीतिक हुण्डी भुनाते आए हैं, उसी गांधी रामराज्य और हिन्दू स्वराज्य का तिरस्कार भी इन्हीं लोगों ने किया है। वे लोहिया ओर जयप्रकाश के भक्त नहीं है। इनके लिए लोहिया, जयप्रकाश और नरेंद्र देव राजनीतिक जोड़ तोड़ का मसाला है। भारत के इतिहास और पुराण में, भारत की आध्यात्मिक विचारधारा में और इसके जन-मन में राम जिस गहराई से रचे-बसे हैं, वह स्वयं ही इस बात का प्रमाण है कि राम के बिना भारत के अस्तित्व की भी कल्पना नहीं की जा सकती। राम राष्ट्र हैं, राष्ट्र के प्राण भी हैं। राम राज्य हैं और राज्य के आदर्श भी हैं। राम भारत के लोक हैं, उसकी मंगलकामना भी हैं, राम घट-घट व्यापी ईश्वर हैं तो राम अयोध्या में सशरीर प्रकट होने वाले रामलला भी हैं। कई सहस्त्र वर्ष पूर्व, जब विश्व के अधिकांश हिस्सों में शासक सिर्फ विजेता थे, जो प्रायः बर्बर हुआ करते थे, उस समय राम ने मानवता, त्याग और न्याय की अनुकरणीय भावना का प्रदर्शन किया। उनका सम्मान इसलिए नहीं किया जाता कि वह बाहरी दुनिया के विजेता थे, वह भीतरी जीवन के विजेता हैं, क्योंकि वह विपरीत परिस्थितियों में डगमगाते नहीं हैं। रावण को मारने के बाद भी उनकी आंखों में क्रोध नहीं दिखता, वह गिरे हुए रावण के शव के पास आते हैं और उन्हें जो कार्य करना पड़ा, उसके लिए पश्चाताप करते हैं। अपने जीवन की सारी चुनौतियों के बीच, वह कभी अपना संतुलन नहीं खोते, कभी मन में कड़वाहट या प्रतिशोध नहीं रखते। वह काफी हद तक छल-कपट या राजनीति से दूर रहते हैं और अपनी शक्ति के दुरुपयोग को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्रिप्टो करेंसी (आभासी मुद्रा) का मायाजाल

**आज** का युग तकनीकी तथा नवाचार का युग है' वैश्विक स्तर पर हर देश में आज तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं' तकनीकी परिवर्तन के कारण देश में हर क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन हो रहा है' ऐसा ही एक नया प्रयोग,नवाचार आभासी मुद्रा यानी क्रिप्टो करेंसी का आर्थिक क्षेत्र में पदार्पण हुआ है' क्रिप्टो करेंसी के सिक्के के भी दो पहलू हैं एक पहलू में बहुत सारे लाभ हैं और दूसरे पहलू में आर्थिक संदर्भ में चुनौतियां या सुरक्षा अंतर्निहित है। इसको अपनाने से पहले या इसे स्वीकार करने से पहले इसके कानूनी पक्ष और विधि सम्मत स्वीकार्यता पर पूरा ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी। क्रिप्टोकरंसी एक डिजिटल मुद्रा है, जिसे ना तो देखा जा सकता है ना ही चुन सकते न मुद्रा की भांति जेब में या पर्स में रखा जा सकता है, क्योंकि इसकी हार्ड कॉपी या मुद्रित रूप उपलब्ध ही नहीं है। यह करेंसी भौतिक रूप से उपलब्ध ना होने के कारण इसे आभासी मुद्रा कहा जाता है। यह एक स्वतंत्र किस्म की मुद्रा है इसका संचालन व नियमन किसी संस्था या सरकार द्वारा नहीं किया जा सकता इसे विकेंद्रीकृत मुद्रा भी कहा जाता है। यह एक डिजिटल मुद्रा है। यह एक ऐसी मुद्रा है जिसे कंप्यूटर एल्गोरिथ्म के आधार पर बनाया जाता है। किसे केवल कंप्यूटर में ही देखा जा सकता है गिना जा सकता है एवं भुगतान किया जा सकता है। यह मुद्रा सरकारी नियंत्रण से मुक्त है। विश्व में सबसे पहले 2009 में जापान के संतोषी नाकमोतो द्वारा बनाई गई थी। वर्तमान में बाजार में 1500 से भी ज्यादा क्रिप्टो करेंसी उपलब्ध है, जो पियर टू पियर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के रूप में काम करती है। वर्तमान में क्रिप्टोकरंसी काफी लोकप्रिय होती जा रही है इसकी लोकप्रियता का कारण एक यह भी है कि यह गोपनीयता बनाए रखने में सहायक होती है।

जिसके लेन देन में छद्म नाम एवं पहचान बनाई जाती है। ऐसे में निजता तो लेकर अत्यधिक संवेदनशील व्यक्तियों को यह व्यवस्था बहुत उपयुक्त लगती है। इसके लेनदेन में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी आर्थिक बोझ कम पड़ता है। जिसके लेन देन में थर्ड पार्टी के सर्टिफिकेशन की आवश्यकता नहीं होती है। इसके लेनदेन में समय तथा धन की बहुत ज्यादा बचत होती है।

## ऐसा भी होता है

डॉ. सुरेश कुमार

**तूती** और जूती का बड़ा गजब संबंध है साहब। जब तक तूती बोलती है तब तक सामने वाले की जूती चुपचाप रहती है। तूती खत्म तो समझो जूती शुरू। याद कीजिये, ऐसा भी वक्त था, जब विराट बल्ला दुनियाभर में कोहराम मचा रखा था तब कोच से लेकर बोर्ड तक नांदिये की तरह सिर हिलाया करते थे। अब नांदिये बड़े मनचले हो चले हैं। वे अच्छी तरह से जानते हैं कि बहती हवा से अनील को हटाकर अपने इशारे पर नाचने वाले रवि का विराट पर्व इसी पिपुड़ी की कारगुजारी थी। न रहेगी पिपुड़ी न हिलेंगे सिर। इसलिए पहले सफेद पिपुड़ी छीन ली गई तो बाद में लाल पिपुड़ी देने पर मजबूर कर दिया। वह भी एक दौर था, यह भी एक दौर है। पहले-पहल मैदान पर गरियाना नवजात शिशु की बचकानी हरकत सी अच्छी लगती थी। आगे चलकर गरियाने का ग्राफ अपने चरम पर पहुँचा और उधर बल्ला भी अपना उग्र रूप दिखा रहा था। गरियाने और बल्ले में तालमेल था, इसलिए सब कुछ ठीक था। जैसे-जैसे बल्ला ठंडा पड़ता गया गरियाना अखरने लगा। वैसे भी दूध देने वाली गाय की लात भी मीठी होती है। उसका भी अपना मजा होता है। लेकिन दूध न देने वाली गाय और रन न बनाने वाला बल्ला दोनों कभी भी नजरअंदाज किये जा सकते हैं। विराट पर्व की रवि जुगलबंदी ऐसी थी मानो जिसे छू लें वह सोना बन जाए। खिलाड़ियों को पुर्जों की तरह इस्तेमाल किया जाने लगा। कभी यह पुर्जा तो कभी वह पुर्जा। पुर्जे को भी पता नहीं चलता कि उसे क्यों इस्तेमाल किया जा रहा है या फिर क्यों उठाकर फेंक दिया जा रहा है। जब तक यह समझते तब तक उनका कैरियर समाप्त हो चुका होता। कहते हैं कि रवि की किरणें कभी भेदभाव नहीं करतीं। सब पर एक समान पड़ती हैं। सबको एक समान चमकाती है।

किंतु विराट पर्व में रवि का काम केवल विराट को चमकाना था, न कि पूरे दल को। यह एक ऐसा अजीबोगरीब रवि था जिसकी किरणें फिक्स्ड और लिमिटेड थीं। आधुनिक विराट और प्राचीन विराट पर्व का अपना-अपना महत्व है। आधुनिक विराट पर्व में अज्ञातवास की अवधि विराट द्वारा निर्देशित होती थी।

## न्यूज फ्लैश

### ब्रज में रामकाज को चहुंओर बिखरा राष्ट्रीय पर्व सा उल्लास

**-22 जनवरी को घोषित किया गया है सार्वजनिक अवकाश**

**-वीक एण्ड की छुट्टी में कान्हा की नगरी में उमडेगी भीड**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

रामकाज के लिए राष्ट्रीय पर्व सा उल्लास है। 22 जनवरी को सोमवार है। वीक एण्ड पर कान्हा की नगरी में भीड का बेजां दबाव रहता है। शनिवार और रविवार के साथ अब सोमवार का अवकाश भी जुड गया है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर पहली बार केशवदेव धनुष बाण धारण किये हुए 22 जनवरी को भक्तों को श्री राम रूप में दर्शन देंगे, भक्तों के लिए यह अद्भुत क्षण होगा। जो लोग अयोध्या नहीं जा पा रहे हैं वह कान्हा की नगरी में 22 जनवरी को रहने की योजना बना रहे हैं। वहीं चहुंओर रामकाज की धूम मची हुई है। हर कोई इस यज्ञ में अपनी आहुति देने को आतुर है। राम भक्तों की टोलियों का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जा रहा है। समाजसेवी सविता सिंह सौरोत ने एक गाने के पोस्टर का विमोचन कैलाश आनंद गिरि जी महाराज से कराया। गाने को विख्यात लोक गायिका संध्या चौधरी ने अपने स्वरों से सुशोभित किया है। गाने की जनता को समर्पित किया गया है। वृंदावन के केशव धाम से यात्रा निकालकर वृंदावन में पधारे श्रद्धालुओं को सुनाया गया गाने को सुनकर लोग झूम उठे। इस अवसर पर सविता सिंह सौरोत सभी घर घर दीप दीप जलें गाने के प्रचार प्रसार के लिए सुसज्जित रथ लेकर निकली हुई है। हर ब्रजवासी यही सोच रहा है कि वह कैसे 22 जनवरी के उत्सव को धूमधाम से मनाए। कहीं राम कथा हो रही है कोई सुंदरकांड करने की सोच रहा है। कुछ लोग दीपों से अपने पूरे इलाके को सजाने और घरों को रोशन करने की योजना बना रहे हैं। वहीं रामभक्त लगातार लोगों के बीच रह कर लोगों में उत्साह का संचार कर रहे हैं। इस दौरान केशव धाम के ललित द्वारा सुसज्जित गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर देवेंद्र ईजीनयर, धर्मवीर दरोगा, राकेश प्रधान, हरि मोहन शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, विजय शर्मा, यादराम दरोगा, हरेंदर, धर्मेंद्र, दिनेश, घनश्याम गिरि, धीरज सोलंकी खौलआ आदि मौजूद रहे।

### अवशेष छात्रवृत्ति के मास्टर डाटा लॉक करना सुनिश्चित करें : डीएम

**-जिलाधिकारी ने बैठक में कई विभागों के अधिकारियों को लगाई फटकार**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में छात्रवृत्ति के मास्टर डाटा लॉक करने से अवशेष रही शिक्षण संस्थानों की समीक्षा बैठक, सीएम डैशबोर्ड पोर्टल की समीक्षा बैठक, अभियोजन कार्यों तथा एन.सी.ओ.आर.डी. (नेकॉर्ड) के संबंध में बैठक संपन्न हुई। छात्रवृत्ति की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त शिक्षण संस्थाओं से संपर्क स्थापित कर मीटिंग सुनिश्चित करे और उन्हें पात्र छात्र छात्राओं की फीडिंग करने को निर्देशित करे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करे। ससमय फीडिंग कराते हुए शासन को रिपोर्ट प्रेषित करे। किसी भी तरह की लापरवाही नही बर्दास्त की जाएगी। श्री सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने बैठक में ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यटन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की जिन विभागों की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर खराब चल रही है, वह अपने कार्य प्रगति पर विशेष फोकस रखते हुए शत प्रतिशत डाटा की फीडिंग सीएम डैशबोर्ड पर करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि उनकी रैंकिंग में सुधार हो सके। बैठक में जिलाधिकारी ने मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण, पूर्ति विभाग, बांट माफ विभाग, मंडी सचिव तथा खाद्य विपणन अधिकारी को फटकार लगाते हुए सख्त निर्देश दिए कि अपने कार्यों को सही कराकर डाटा फीडिंग कराएं और रैंकिंग में सुधार करें। खाद्य विपणन अधिकारी को हिदायत देते हुए कहा किसानों का शत प्रतिशत भुगतान किया जाए।

# नायब सैनी ने लोगों की समस्याएं सुन मौके पर ही किया समाधान

**कुरुक्षेत्र/चंडीगढ/ टीम एक्शन इंडिया**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र लोकसभा के सांसद नायब सैनी ने शनिवार को अपने मिजार्पुर निवास पर कार्यकताओं से मुलाकात की। इसी दौरान श्री सैनी ने अपनी समस्या लेकर पहुंचे क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को भी इत्मीनान से सुना और उनका मौके पर ही समाधान किया। इसके बाद देर शाम श्री सैनी ने लोहड़ी के कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। नायब सैनी ने कहा कि वे समय लोगों की समस्या सुनने और उनका समाधान करने के लिए सदा उपलब्ध हैं। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार भी लोगों को योजनाओं का लाभ विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से घर-घर पहुंचकर दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के लोगों के लिए मोदी-मनोहर सरकार ने बेहतर नीतियों और योजनाओं को लागू करके दस साल से लगातार सेवा कर रही है। भाजपा ने देश और प्रदेश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की सरकार दी है। भविष्य में भी लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी और समस्याओं प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।

भाजपा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने मिजार्पुर निवास पर पहुंचे लोगों से आह्वान किया कि वे विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। श्री सैनी ने कार्यकताओं से भी कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए और अधिक मेहनत से कार्य करें।

श्री सैनी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत है और कार्यकताओं के दम तथा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार भी डबल इंजन सरकार बनेगी। इसके बाद शाम को श्री सैनी लोहड़ी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे और लोहड़ी व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।

## प्रभु राम के स्वागत में अपने-अपने घरों में पांच दीपक जलाने का किया आवाह्न



**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए चलाए जा अक्षत वितरण कार्य को सफल बनाने के लिए रामभक्तों व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं द्वारा दिन-रात एक करते हुए अक्षतों का वितरण किया जा रहा है। संपूर्ण जिले को लक्ष्य बनाकर चलाए जा रहे इस अभियान में गांव भगवतीपुर में निमंत्रण कार्य को अंजाम दिया गया। भगवतीपुर में घर-घर पहुंच कर अक्षत वितरण किया गया। प्रभु श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या से लाखनमाजरा खंड पहुंचे अक्षतों के वितरण के लिए राष्ट्र्ज्जीय स्वयंसेवी संगठन द्वारा गांव स्तर पर पांच-पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। टीम में शामिल पुरुष व महिला श्रद्धालुओं द्वारा जोरों पर अक्षत वितरण का कार्य किया जा रहा है। खण्ड पालक सुरेन्द्र परमार, वरिष्ठ स्वयं सेवक अमरपाल, ईकाई प्रमुख अमित चौहान सहित परिषद पदाधिकारियों ने अक्षत वितरण किए।

## पाइट में मनाया लोहड़ी उत्सव



***समालखा ( कुलदीप सिह )** पाइट कॉलेज में लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच प्रतिस्पधाएं भी कराई गईं। वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी ने सबसे पहले अग्नि प्रज्वलित कर लोहड़ी उत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद ढोल और डीजे पर होस्टल के छात्र-छात्राएं जमकर नाचे। राकेश तायल ने कहा कि भारतीय त्योहार हमें भाईचारे से रहना सिखाते हैं। लोहड़ी पर्व के माध्यम से पता चलता है कि यह फसल काटने का समय है। किसानों की खुशहाली का प्रतीक है पर्व। साथ ही, सर्दियों की समाप्ति एवं सूर्य भगवान की पूजा का भी प्रतीक है लोहड़ी पर्व। लोहड़ी पर्व पर हुई प्रतियोगिताओं में सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर डॉ.विनय खत्री, डॉ.एससी गुप्ता, डॉ.रोहित गर्ग, डॉ.शक्ति अरोड़ा, डॉ.गौरव मौजूद रहे।

## प्रेमिका का हत्यारोपी पुलिस ने मुठभेड के बाद दबोचा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

प्रेमिका की हत्या में वांछित चल रहे हत्यारोपी युवक को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी ने एक तरफ प्यार में सब्जी काटने वाले चाकू से युवती की हत्या कर दी थी। पुलिस मुठभेड़ के दौरान युवक के पैर में गोली लगी है। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना जैत पुलिस व रिवार्डिड टीम ने मुठभेड़ के बाद अभियुक्त के कब्जे से आलाकत्ल चाकू व एक तमंचा, दो खोखा व दो जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। थानाध्यक्ष जैत अजय वर्मा के मुताबिक अभियुक्त एक जनवरी को मैं प्रेमिका (मृतका) से मिलने व लेने के लिये जैंत गया था। युवती साथ आने के लिये तैयार नहीं हुई तथा चिल्लाने लगी थी तभी सब्जी काटने वाले चाकू से उसका गला काट दिया था।

## विकसित भारत बनाने में हर नागरिक अपनी भूमिका तय करें: बिप्लब देब

**सोनीपत/ चंडीगढ/टीम एक्शन इंडिया**



त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री, हरियाणा के प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद बिप्लव देव ने शनिवार को राई विधानसभा के गांव नांगल खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि देश के हर नागरिक को विकसित भारत बनाने में अपनी भूमिका तय करनी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी गाड़ी से आम जनमानस को जनकल्याण की गारंटी मिल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ऐसी पहली सरकार है जो घर-घर जाकर लोगों की मांगों को पूर्ण करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।श्री बिप्लव देब ने कहा कि मोदी की गारंटी गाड़ी को गांव-गांव और नगर-नगर का दौरा करते हुए 52 दिनों से अधिक समय व्यतीत हो चुका है। अब लोगों को गारंटी की गाड़ी की प्रतीक्षा रहने लगी है, जिससे उनकी समस्याओं का निदान मौके पर ही मिलता है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री के प्रयासों को मजबूती देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यही कारण है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा अग्रणी स्थान पर बना हुआ है।

## विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**जानकारी**

**8 विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा पहुंची गांव कुराड और जलालपुर-2 में दी योजनाओं की जानकारी**

**पानीपत ( कुलदीप सिंह ) /टीम एक्शन इंडिया**



भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को गांव कुराड और जलालपुर-2 में पहुंची। यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ ली। गांव कुराड में भाजपा नेता राजकुमार कालीरमन ने बतौर मुख्य वक्ता अपना संबोधन देते हुए कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। एक ही स्थान पर ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर चला है उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी।

भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गंगा राम स्वामी ने गांव जलालपुर-2 में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बताओ मुख्य अतिथि अपना संबोधन देते हुए कहा कि यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर गांव में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि आज लगभग सभी सेवाएं ऑनलाइन कर दी गई है और घर बैठे ही लोगों को योजनाओं का लाभ लिया जा रहा है।

गंगाराम स्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत का डंका बजाया है और भारत की साख पूरे विश्व में बढ़ी है। यह सब उनकी दूरदर्शिता और उनकी सोच का ही परिणाम है कि आज देश में ही हथियार, पनडुब्बियां और जहाज निर्मित किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जन समूह को संकल्प शपथ भी दिलवाई। योजनाओं की जानकारी लेने, पात्रों द्वारा मौके पर ही राशन कार्ड बनाना, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण करवाना, स्वास्थ्य विभाग की स्टॉल पर स्वास्थ्य जांच, कृषि विभाग से योजनाओं की जानकारी लेने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण पंहुचे।

## कोहरे की चादर हुई घनी, बढ़े सड़क हादसे

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शाम होते ही कोहरे की चादर पसर जाती है और रात गहराने की साथ ही कोहरा भी घना होता चला जाता है। ऐसे मौसम में सड़क हादसे बढ़ जाते हैं। शुक्रवार की रात यमुना एक्सप्रेस वे पर कई गाड़ियां आपस में टकराइ गईं। वहीं थाना हाइवे क्षेत्र में दो बाइक सवारों की सड़क हादसे में मौत हो गई। ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक हाइवे उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे जयगुरूदेव आश्रम निवासी 21 वर्षीय और 20 सुखेन्द्र जा रहे थे। गांव महोली के रोड पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को यमुना एक्सप्रेस वे पर घने कोहरे के चलते जाबरा टोल प्लाजा पर नोएडा से आगरा की तरफ जा रही गाड़ियां ट्रक में पीछे से टकरा गईं।

एक के बाद एक चार गाड़ियां भिड़ीं तो चीख पुकार मच गई। हादसे में सभी गाड़ियों में सवार महिलाएं समेत छह लोग घायल हो गए। टाटा नेक्सन सवार सुदर्शन सामंता निवासी सेक्टर 93 गुड़गांव ने बताया वह अपने परिवार के साथ वाराणसी जा रहे थे, अचानक से सामने चल रहे ट्रक ने ब्रेक मार दी जिससे उनकी गाड़ी पीछे से घुस गई और उसके बाद अन्य गाड़ियां भी टकरा गईं। जाबरा टोल चौकी प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि कोहरे की वजह से यमुना एक्सप्रेस वे पर हादसा हुआ है। सभी घायल प्राथमिक उपचार के बाद गंतव्य के लिए चले गए हैं। क्षतिग्रस्त गाड़ियों को क्रेन की मदद से सड़क किनारे किया गया है।

## श्री राम लाल की खुशी में राम भक्तों ने किया दाल बाटी का आयोजन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

अयोध्या में 500 वर्ष बाद श्री राम लाल के मंदिर निर्माण के बाद 22 जनवरी 2024 को श्री राम लाल अयोध्या में अपने घर पर विराजमान होंगे राम भक्तों में खुशी की लहर दौड़ रही है राम भक्तों ने इस खुशी में वृंदावन स्थित सुंनरक रोड पर दाल बाटी का आयोजन किया सैकड़ो राम भक्तों ने श्री राम जी का दाल बाटी का प्रसाद ग्रहण किया। आयुर्वेद चिकित्सक मनोज कुमार धार्मिक प्रवृत्ति के हैं। गायों की सेवा करना निर्धन असहाय लोगों को निःशुल्क दवा वितरण करना एवं सर्दी के मौसम में गरीब असहाय लोगों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित करना एवं जगह जगह कैंप लगाकर गरीब लोगों को निशुल्क दवाई वितरण करना गरीबों की सेवा करना चिकित्सक मनोज कुमार अपना कर्तव्य एवं धर्म समझते हैं।

## स्टाफ मेंबर्स ने लोहड़ी के त्यौहार का किया आयोजन

**पानीपत, कमाल हुसैन/टीम एक्शन इंडिया**



आई. बी. महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब , रोड सेफ्टी क्लब ,एन.सी.सी, एन.एस.एस इकाई के द्वारा मनाये जा रहे 35 वे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आज स्टाफ मेंबर्स ने लोहड़ी के त्यौहार का आयोजन किया गया क इस कार्यक्रम का शुभारम्भ एल.एन. मिगलानी, महासचिव , गवर्निंग बॉडी ,मैनेजमेंट मेंबर श्री रमेश नागपाल,श्री रवि गोसाई, श्री युधिष्ठिर मिगलानी ,प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने लोहड़ी की अग्नि को प्रज्वलित करके प्रारंभ किया क डॉ अजय गर्ग जी ने बताया लोहड़ी में रबी की फसले कट कर घरों में आती हैं और उसका जश्न मनाया जाता हैं, किसानों का जीवन इन्ही फसलो के उत्पादन पर निर्भर करता हैं और जब किसी मौसम की फसल घरों में आती हैं हर्षोल्लास से उत्सव मनाया जाता हैंकप्राचार्य डॉ अजय गर्ग जी ने बताया लोहड़ी पंजाबी और हरियाणवी लोग बहुत उल्लास से मनाते हैं , लोहड़ी उत्तर भारत का एक प्रसिद्ध त्योहार है। यह मकर संक्रान्ति के एक दिन पहले मनाया जाता है। रात्रि में खुले स्थान में परिवार और आस-पड़ोस के लोग मिलकर आग के किनारे घेरा बना कर बैठते हैं। इस समय रेवड़ी, मूंगफली, लावा आदि खाए जाते हैं। लोहड़ी के कार्यक्रम का सारा आयोजन प्रो अंजलि गुप्ता, प्रो सोनल डोगरा , प्रो मंजली की देखरेख में किया गया , इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा पंजाबी नृत्य, गाने एवं लोहड़ी के महत्व पर विचार प्रस्तुत किये गए क इस अवसर पर सभी टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ मेंबर्स उपस्थित रहेक इसके उपरांत सभी को मूंगफली और रेवड़ी का प्रसाद वितरित किया गया क

# फैक्टरी व गोदाम से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत, कमाल हुसैन /टीम एक्शन इंडिया**



सीआईए थ्री पुलिस टीम ने फैक्टरी व गोदाम से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को रानी महल के नजदीक नाला पटरी से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों से चोरी की दो वारदातों को खुलासा हुआ। आरोपियों की पहचान रतन व दानिश निवासी विद्यानंद कॉलोनी के रूप में हुई। आरोपियों का पहले भी आपराधिक रिकार्ड होना पाया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पहले भी चोरी के मामले दर्ज है। आरोपी दानिश अक्तुबर में व आरोपी रतन दिसम्बर में पानीपज जेल से बेल पर बाहर आया था।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर अंकित ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के दो युवक रानी महल के नजदीक नाला पटरी पर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान रतन पुत्र कवरवाल व दानिश उर्फ शाहनवाज निवासी विद्यानंद कॉलोनी के रूप में बताई।

गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने करीब एक सप्ताह पहले सनौली रोड पर नरेंद्र धर्म काटा के नजदीक कंबल फैक्टरी में रखे जनरेटर से 3 बैटरी चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी बाग में पंकज पुत्र सुमन निवासी सेक्टर 12 की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने 4 जनवरी की रात सनौली रोड पर गोदाम से 4 बैटरी व 2 हजार रुपए चोरी करने की एक अन्य वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की वारदात बारे थाना चांदनी में पवन पुत्र मांगेराम निवासी गोहाना की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह दोनों नशा करने के आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए दोनों आरोपियों ने मिलकर बैटरी चोरी की उक्त वारदातों को अंजाम दिया। आरोपी चोरीशुदा बैटरियों को बेचने के लिए शुक्रवार को ग्राहक की फिराक में घूम रहे थे। आरोपियों ने चोरीशुदा बैटरी सनौली रोड पर मार्बल मार्केट के नजदीक एक खंडहर बिल्डिंग में छुपा कर रखी थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा 7 बैटरी बरामद कर पूछताछ के बाद शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## सांसद भाटिया ने दिया आश्वासन, समालखा अस्पताल का पोस्टमार्टम हाउस होगा शुरू

**समालखा ( कुलदीप सिह )/टीम एक्शन इंडिया**



समालखा के सामान्य अस्पताल में नवनिर्मित पोस्टमार्टम हाउस (मोर्चरी) को जल्द ही शुरू किया जायेगा। क्षेत्रीय सांसद संजय भाटिया ने शनिवार को सामान्य अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद अस्पताल के चिकित्सकों को दिया।

इतना ही नहीं मौके पर मौजूद कुछ मरीजों की मांग पर अस्पताल को जल्द ही अपने निजी कोष से अल्ट्रासाउंड मशीन भी दिलाने का आश्वासन दिया।

क्षेत्रीय सांसद संजय भाटिया शनिवार सुबह अचानक सामान्य अस्पताल में पहुंचे जहां उन्होंने पीपल का पौधा रोपित किया तथा अस्पताल का निरीक्षण किया। संजय भाटिया ने अस्पताल परिसर में बने मोर्चरी हाउस का भी निरीक्षण किया ओर इसको जल्दी चालू करने के निर्देश दिए। सीएमओ जयंत आहुजा की उपस्थिति में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी संजय आंतिल ने सांसद को बताया कि मोर्चरी हाउस में चार डी फ्रीजर लगाऐं जा चुके हैं जल्दी ही डाक्टरों व स्टाफ को प्रशिक्षण कराने के बाद जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

अस्पताल में उपचार कराने आयें मरीजों ने जब सांसद भाटिया को अल्ट्रासाउंड मशीन न होने की शिकायत की तो सांसद ने अपनी सांसद निधि से शीघ्र ही नई अल्ट्रासाउंड मशीन देने का आश्वासन दिया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 14 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# 'हर घर, हर जन का उत्सव है श्रीरामोत्सव'

## स्वच्छता ईश्वरीय कार्य, श्रीरामलला के आगमन से पूर्व हर गांव हर गली को स्वच्छः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व पूरे प्रदेश को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने का आह्वान किया है। शनिवार को प्रदेशभर के ग्राम प्रधानों और पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने स्वच्छता को ईश्वरीय कार्य बताते हुए कहा कि विशेष स्वच्छता अभियान में भावना के साथ जुड़कर पूरे देश को एक नया संदेश दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी राष्ट्रीय उत्सव की तिथि है। पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के नव्य, भव्य और



दिव्य मंदिर में विराजमान होने का उत्सव सिर्फ अयोध्या का नहीं है बल्कि यह हर गांव, हर घर और हर जन का उत्सव है। यह अभूतपूर्व उत्सव है तो हर गांव और हर घर तक तैयारियां भी उसी रूप में होनी चाहिए। यह प्रयास होना चाहिए कि श्रीरामोत्सव पर हर घर, देव मंदिर पर दीपोत्सव मने। घरों, मंदिरों और सार्वजनिक/सामुदायिक स्थानों पर रामनाम संकीर्तन हो। गांवों के अमृत सरोवरों पर भी दीपोत्सव मनाएं। प्रधानगण और सभी ग्रामीण जनप्रतिनिधि इसमें बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रीरामलला के विराजमान उत्सव को अभूतपूर्व उल्लास से तरंगित करने का कार्य 14 जनवरी को विशेष स्वच्छता अभियान से प्रारंभ हो जाएगा। हर कस्बे, हर गांव, हर परिवार और हर व्यक्ति की इसमें सहभागिता अपेक्षित है।

देव मंदिरों को स्वच्छ बनाकर उन्हें सुंदरता से सजाया जाए। प्रधानगण इसके लिए खुद प्रयास करने के साथ हर ग्रामवासी को जागरूक करें, उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाएं। चार दशक में पचास हजार मासूमों को असमय काल कवलित करने वाली इंसेफेलाइटिस जैसी त्रासद बीमारी की एक बड़ी वजह गंदगी थी और सरकार ने इसे पूरी तरह नियंत्रित करने में स्वच्छता और जागरूकता को सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बनाया।

### 'सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद करना होगा'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमें सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को पूरी तरह बंद करना है। 14 जनवरी का विशेष स्वच्छता अभियान इसके लिए बड़ा माध्यम बन सकता है। ग्राम प्रधानगण अपने अपने गांवों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्हें इसके खतरे के प्रति आगाह करें। गांवों में स्वच्छता को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। गांव जितना स्वच्छ होगा उतना ही सुंदर दिखेगा और उसकी ख्याति बढ़ेगी, हर तरफ से सराहना प्राप्त होगी।

# 'आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलंबन शीर्ष प्राथमिकता'



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आधी आबादी की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। महिलाओं को सुरक्षा का वातावरण देकर उनके स्वावलंबन और सम्मान के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ही पीएम मोदी ने नारी वंदन अधिनियम पारित कराकर संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण सुनिश्चित कराया है। सीएम योगी शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के बैनर तले आयोजित मुफ्त सिलाई मशीन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान में हुए समारोह में 1150 महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। साथ में सबको कंबल भी दिया गया। 12 बालिकाओं को सिलाई मशीन व कंबल सीएम योगी ने खुद अपने हाथों से प्रदान किए। उन्नत भारत ग्राम अभियान के मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं और बालिकाओं को जेके ग्रुप कानपुर के सहयोग से मुफ्त सिलाई मशीन उपलब्ध कराने की यह अनूठी पहल महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के सशक्तिकरण के बिना भारत को सशक्त और समर्थ नहीं बनाया जा सकता है।

### 'महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने उठाए अनेक कदम'

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया। इसके बाद जनधन खातों, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं से इसे नई ऊंचाई मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना व पेंशन की राशि बढ़ाकर महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए कई कार्य शुरू किए हैं।

## फास्ट न्यूज

### अलवर से अयोध्या गया 125 किलो शहद

**टीम एक्शन इंडिया/अलवर**

अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान होने जा रहे हैं। 16 जनवरी से भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू होगा। इस दौरान अलवर के शहद से भगवान राम का अभिषेक किया जाएगा। सवा सौ किलो शहद लेकर रथ शनिवार को जगन्नाथ मन्दिर से रवाना किया गया। रविवार को यह रथ अयोध्या पहुचेगा। वन मंत्री संजय शर्मा ने जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर भगवा झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष दिलीप मोदी ने बताया अलवर के लिए यह सौभाग्य की बात है की अलवर के शहद से भगवान राम का अभिषेक होगा। साधु संतों की तरफ से उनकों राम मंदिर में जाने का न्योता मिला है। इसी दौरान उनको पता चला की राम मंदिर समिति ट्रस्ट को शुद्ध शहद की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने समिति के पदाधिकारी से बातचीत की। तो उन्होंने शहद भेजने के लिए कहा। यह शहद जितेंद्र गौतम की तरफ से तैयार किया गया है। भगवान के स्नान में पंचामृत का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। जिसमें दूध, दही, मधु, घी और शक्कर होता है। इसमें चौथे स्थान पर मधु आती है। आजकल वैद्य व डॉक्टर भी शहद का सेवन बताते हैं। शरीर में चमक लाने के लिए मधु का सेवन किया जाए। वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर में भगवान के चरणों में शहद का पूजन हुआ। मंदिर से विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता शहद रथ लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुए।

### सीएम की सुरक्षा में चूक, सभास्थल पर वर्दी पहनकर घुसा शराबी

**टीम एक्शन इंडिया/शहडोल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शुक्रवार को शहडोल में हैं। इस दौरान उनकी सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। एक नशेड़ी युवक पुलिस की वर्दी पहनकर सभास्थल में घुस गया। वह करीब दो घंटे तक पुलिसवालों के बीच ही रहा। संदिग्ध लगने पर जब मीडिया ने उससे पूछताछ की, तो वह भाग गया। अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है। शहडोल के पॉलीटेक्निक मैदान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सभा थी । सभा शुरू होने से पहले दोपहर करीब 12 बजे एक शख्स मध्यप्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर सभास्थल पर पहुंच गया। उसने शराब पी रखी थी।

# 'युवाओं के हुनर को तराशना समय की मांग'



**टीम एक्शन इंडिया/झुंझुनू**

**पुलिस** अधीक्षक झुंझुनू देवेंद्र सिंह बिश्नोई ने कहा कि हमारे युवाओं में हुनर की कमी नहीं है। ऐसे में हम सभी को मिलकर उनके हुनर को तराशना है, ताकि वह ईमानदारी के साथ देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए तत्पर हो जाएं। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को बेहतर माहौल देने के कारण ही आज देश खेलों में तरक्की कर रहा है। इसलिए इस दायित्व को निभाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। वे श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबडेवाला विश्वविद्यालय परिसर में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023-24 के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे थे। पुलिस अधीक्षक झुंझुनू देवेंद्र सिंह बिश्नोई और यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला ने ओवरआल चैंपियन मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी को ट्राफी सौंपी व महिला व पुरूष श्रेणी में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुख्यातिथि देवेंद्र सिंह बिश्नोई ने कहा कि भारत खेलों में तरक्की कर रहा है। आज हमारा युवा देश का हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए तैयार है। ऐसे में शिक्षण संस्थानों से लेकर समाज को युवाओं के हुनर को तराशने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

**निर्देश**

8 श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी में आल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी ताइक्वांडो चैंपियनशिप सम्पन्न



राजस्थान के राज्यपाल कलराज उपराष्ट्रपति का बुके देकर स्वागत करते हुए।

# 'गहोई समाज डबरा को टीबी मुक्त बनाने में दे योगदान'

**टीम एक्शन इंडिया/ग्वालियर**

मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर शुक्रवार को डबरा में गहोई वैश्य समाज के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने गहोई समाज का आह्वान किया कि वे व्यापक पौधारोपण के जरिए डबरा में हरियाली लाएं और डबरा को टीबी मुक्त बनाएं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने समाज सेवा और सामाजिक गतिविधियों में बढ़ चढ़



कर भाग लेने के लिए गहोई वैश्य समाज की सराहना करते हुए कहा कि यह समाज महिला और युवाओ को सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गहोई वैश्य समाज हर साल 1000 पौधे लगाए और उनकी देखभाल करे, ताकि डबरा का पर्यावरण सुरक्षित रखा जा सके। तोमर ने कहा कि गहोई समाज गरीबों की मदद के लिए आगे आए। उन्होंने कहा गहोई समाज डबरा की 10 ऐसे गरीब लोगों की पहचान करे जो टीबी के मरीज हों। उन्होंने कहा सरकार टीबी के मरीजों के लिए निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराती है। दवाइयां के साथ-साथ इन मरीजों पौष्टिक आहार की भी जरूरत होती है। अगर गहोई समाज 6 महीने तक प्रत्येक मरीज को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए तो टीबी के मरीज स्वस्थ हो सकते हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले विशिष्ट मेहमानों को उपहार में मिलेगी टरामरज'

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

अयोध्या में नव निर्मित राम मंदिर में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों जोरों पर हैं। 22 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम के लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हजारों वीआईपी गेस्ट्स को इनवाइट किया गया है। इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों के स्वागत की भी तैयारी की गई है और साथ ही समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी मेहमानों को ट्रस्ट की ओर से उपहार भी दिए जाएंगे।

# 'बंगाल सरकार भ्रष्टाचारियों की पनहागार'

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकता**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर आज पश्चिम बंगाल प्रवास पर हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए ठाकुर ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी और मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज ममता दीदी के राज में पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जो पैसा जनता की भलाई के लिए आता है उसे लूटने का पूरा प्रबंध यहां है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने आई ईडी की टीम पर भी यहां पथराव और मारपीट कर उनका सर फोड़ने का काम किया जाता है। पश्चिम बंगाल की सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार है। क्या ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को लूट की खुली छूट दे रखी है या यह लोग इनकी सुनते नहीं हैं? पश्चिम बंगाल में अगर किसी पुलिस अधिकारी के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो ममता बनर्जी उसको बचाने के लिए सड़क पर उतर आती हैं। रेड होती है। करोड़ों रुपए बरामद होते हैं। टीएमसी के ही लोगों का नाम उसमें क्यों आता है? अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि कल पूरे भारत में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया लेकिन पश्चिम बंगाल के युवाओं को इनमें शामिल नहीं होने दिया गया। क्यों?



**साधा निशाना**

8 ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के हिंदुओं को श्री राम के आने की खुशी मनाने से रोक रही: अनुराग

**महत्व** सरयू घाट के पास स्थित इस पवित्र क्षेत्र का सभी तीर्थों से बढ़कर है पौराणिक महत्व

# 'नव्य अयोध्या' के वैभव की पहचान भी है 'राम की पैड़ी'

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**सनातन** धर्म की सप्त पुरियों में विख्यात अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव व आधुनिक विकास के नए प्रतिमानों संग तालमेल को अगर कोई स्थान सबसे अच्छे से परिभाषित कर सकता है तो वह निश्चित तौर पर राम की पैड़ी ही है। पौराणिक काल से इस क्षेत्र का अपना महत्व रहा मगर वर्षों तक अवहेलना का शिकार रही राम की पैड़ी का जब डबल इंजन की सरकार ने विकास शुरू किया तो अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जुड़ गया। आज राम की पैड़ी पुरातन अयोध्या के साथ ही नव्य अयोध्या के वैभव का भी सबसे अहम पड़ाव है। यह श्रद्धा का केंद्र तो है ही, साथ ही नदी किनारे सुकून से परिवार संग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते हुए वक्त बिताने का मनोरम स्पॉट भी है। यहां



आर्टिफिशियल चैनल के जरिए सरयू नदी का पानी लाया गया है तथा यह हेरिटेज सिटी के तौर पर अयोध्या के खोए वैभव को साकार करने की दिशा में सकारात्मक माध्यम बनकर उभरा है। योगी सरकार ने 105.65 करोड़ रुपए के विभिन्न जीर्णोद्धार व विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा व भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी को सुशोभित किया है।

**स्वयं श्रीराम ने लक्ष्मण को बताई थी पैड़ी की महिमाः** राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है। यहां को लेकर ऐसी पौराणिक मान्यता है कि श्रीराम इसी पैड़ी से होकर सरयू में स्नान करने जाते थे।

कहा जाता है कि एक बार जब लक्ष्मण जी ने सभी तीर्थों के दर्शन करने का मन बनाया तो श्रीराम ने अयोध्या में सरयू किनारे तट पर खड़े होकर कहा कि जो व्यक्ति सूर्योदय से पूर्व इस स्थल पर सरयू नदी में स्नान करेगा उसे समस्त तीर्थ में दर्शन करने के समान पुण्य प्राप्त होगा। माना जाता है कि सरयू के जिस तट पर श्रीराम ने ये बात कही वहीं आज राम के पैड़ी के नाम से प्रसिद्ध है। यही वजह है कि पूर्णिमा पर यहां स्नान का विशेष महत्व है और यहां स्नान करने वाले को सभी तीर्थों का पुण्य यहां स्नान करने से मिल जाता है।

**2017 पहले और आज में जमीन-आसमान का फर्कः** राम की पैड़ी का जो आज भव्य स्वरूप देखने को मिल रहा है 2017 के पहले इसकी कल्पना करना भी संभव नहीं था। यहां पिछली सरकारों के दौरान कोई खास कार्य नहीं हुआ तथा पिछले बड़े स्तर का जीर्णोद्धार कार्य 1985 में हुआ था।

